तापमान

अधिकतम 26.6 डिग्री

न्यूनतम 14.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025



तारबहार अंडरब्रिज से बस और ट्रक का आना-जाना नहीं रुक रहा। लोग हो रहे परेशान।



**खबर संक्षेप**

### निगम ने यदुनंदनगर से खाली कराया प्लाट

**बिलासपुर।** नगर निगम द्वारा गुरुवार को यदुनंदनगर क्षेत्र में बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। इस निगम द्वारा आबंटित एक प्लाट पर बेजा कब्जा करके रह रहे परिवार से प्लाट खाली कराया गया और निर्माण को तोड़ा गया। नगर निगम द्वारा पूर्व में यदुनंदनगर में प्लाटों का आबंटन किया गया था। इसमें तीस बाई पचास का एक प्लाट रीता मजूमदार नामक महिला को आबंटित किया गया था। लेकिन उक्त प्लाट पर एक व्यक्ति द्वारा बेजा कब्जा कर लिया गया था और उस पर मकान बना लिया गया था। बेजा कब्जा करने वाले व्यक्ति का निधन हो चुका है, किन्तु उस प्लाट पर उसके परिवार वाले कब्जा करके रह रहे थे।

# शिक्षा विभाग में प्रमोशन की बहार, प्राचार्यों का पदस्थापना आदेश जारी, खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महीनों की जद्दोजहद, दावा आपत्तियों के निराकरण, काउंसिलिंग के बाद शिक्षा विभाग द्वारा व्याख्याताओं, व्याख्याता एलबी, प्रधानपाठकों के हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य पद पर पदोन्नत होने संबंधी पदस्थापना आदेश जारी कर दिया गया है। गुरुवार को आदेश जारी होते ही शिक्षा विभाग में खुशी की लहर दौड़ गई। अब शुक्रवार से नए प्राचार्यों के ज्वाइनिंग का सिलसिला शुरू हो जाएगा। पदोन्नति पश्चात पदस्थापना आदेश जारी होने से प्रभारी प्राचार्य के सहारे चल रहे जिले के 90 से अधिक स्कूलों को नए प्राचार्य मिलेंगे, वहीं कई बड़े स्कूलों में व्याख्याताओं के पद रिक्त भी हो जाएंगे।

राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 30 अप्रैल को राज्य के 1478 व्याख्याताओं, व्याख्याता एलबी, प्रधान पाठकों को प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पद पर पदोन्नत किया गया था, इनमें बिलासपुर जिले के लगभग 91 व्याख्याता, व्याख्याता एलबी व प्रधान पाठक शामिल थे। इस क्रम में 1 अगस्त को पदोन्नत प्राचार्यों के पदस्थापना की प्रक्रिया निर्धारित की गई, परन्तु तत्काल पदस्थापना नहीं हो सकी। दावा आपत्तियों के निराकरण के बाद पिछले सप्ताह रायपुर में पदस्थापना हेतु काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। गुरुवार को स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव आरपी वर्मा द्वारा सभी पदोन्नत प्राचार्यों का पदस्थापना आदेश जारी कर दिया गया है। सभी शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी इंटरनेट में आदेश का अवलोकन करने लगे। आदेश जारी होते ही पूरे शिक्षा विभाग में खुशी की लहर दौड़ गई, सभी एक दूसरे को बधाई देते नजर आए। पदोन्नत होने वाले प्राचार्य दोपहर से शाम तक डीईओ कार्यालय से संपर्क कर रिलीविंग और ज्वाइनिंग की जानकारी लेते रहे।

**आज से शुरू होगा नए स्कूलों में ज्वाइनिंग का सिलसिला**

**अब तक प्रभारी प्राचार्यों के सहारे चल रहे थे 90 से अधिक स्कूल**

**कई बड़े स्कूलों में व्याख्याताओं के पद हो जाएंगे रिक्त**

### आज से शुरू होगी ज्वाइनिंग

पदोन्नत होने वाले प्राचार्यों की शुक्रवार से ज्वाइनिंग शुरू हो जाएगी। जानकारी के अनुसार जिले के लगभग 91 व्याख्याता, व्याख्याता एलबी व प्रधान पाठक पदोन्नत हुए हैं। पदोन्नत होने वालों में बड़ी संख्या उनकी भी है, जिन्हें वरिष्ठता के आधार पर वर्तमान पदस्थापना वाले स्कूलों का प्राचार्य बनाया गया है। इसके अलावा प्राचार्य बनने वाले व्याख्याताओं की पदस्थापना अन्य स्कूलों में की गई है, ये सभी अपने अपने स्कूल से रिलीव होकर नए पदस्थापना वाले स्कूलों में ज्वाइनिंग देंगे।



### व्यवस्था की जाएगी

सभी नए प्राचार्यों को बधाई। स्कूलों में रिक्त होने वाले पद आने वाले दिनों में होने वाली नई भर्ती व पदोन्नति से भरे जाएंगे। शासन से इस संबंध में दिशा निर्देश भी प्राप्त किया जाएगा। स्कूलों की अध्यापन व्यवस्था बाधित न हो, इसकी पूरी व्यवस्था की जाएगी।

-**विजय टांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

### रिक्त होंगे पद, पढ़ाई भी प्रभावित होगी

प्राचार्यों के पदस्थापना आदेश जारी होने के बाद अनेक स्कूलों में व्याख्याताओं के पद रिक्त हो जाएंगे, शहर के एमएलबी, मल्टीपरपज सहित कुछ अन्य बड़े स्कूलों में इसका अधिक प्रभाव पड़ने वाला है, क्योंकि बड़ी संख्या में इन स्कूलों के व्याख्याताओं को पदोन्नति का लाभ मिला है। तत्काल कोई व्यवस्था नहीं होने का प्रभाव स्कूली बच्चों की पढ़ाई पर पड़ेगा। आने वाले दिनों में सभी स्कूलों में छमाही परीक्षा ली जानी है, इस परीक्षा पर भी व्याख्याताओं की कमी का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

### रिक्त पदों पर पदोन्नति का करेंगे प्रयास

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि शासन से संघर्ष कर व सरकार और शासन के बीच बात रखते हुए उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय में पूर्ण साहस के साथ छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए पदोन्नति में सहयोग किया है। आने वाले समय में प्राचार्य के रिक्त पदों पर शेष प्रतीक्षा की पदोन्नति का प्रयास करेंगे। शीघ्र नवनियुक्त प्राचार्य संवर्ग का एक परिचय सत्र व सम्मान समारोह का आयोजन कर आपसी समन्वय बनाने का प्रयास करेंगे।



गुरुवार को नेहरू चौक पर धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों को कलेक्टोरेट जाने से रोकती पुलिस।

### अफसर मीटिंग में, लाइनमेनों से संभाली जिम्मेदारी

**बिलासपुर।** बिजली विभाग के जेई से लेकर ईडी रैंक के अधिकारी मीटिंग में व्यस्त है, 3 दिनों से मैराथन बैठकें हो रही हैं, ऐसे में ग्रामीण सर्किल में बिजली व्यवस्था संभालने का जिम्मा लाइनमैन संभाल रहे हैं। जेई व एई के गैरमौजूदगी के चलते लाइनमेन 11 केवी लाइनों की परमिट ले कर सुधार कार्य कराने को मजबूर है। 26 नवंबर को बिजली अधिकारियों की बैठक एमडी भीम सिंह कंवर के साथ थी, लेकिन अचानक विडियो कांफ्रेस रद्द कर दी गई लेकिन इससे पहले बिजली विभाग के जेई, एई, ईई ने मैराथन बैठक कर जानकारी ली। अधिकारी कार्यालय से नदारद रहे, जिसके चलते उपभोक्ताओं को भटकना पड़ा। ग्रामीण सर्किल के जेई और एई के गैरमौजूदगी से लाइनमैन ने 11 केवी लाइनों का परमिट स्वीकृत करा बिजली सुधार किया।

# चार साल के बच्चे को गोद लेकर बंधक बनाया की मारपीट, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ चाइल्ड लाइन व कोटा पुलिस ने बच्चे को कराया मुक्त

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने चार साल के बच्चे को गोद लेकर बंधक बना लिया और उसके साथ मारपीट कर यातना देने लगी। चाइल्ड लाइन केयर ने कोटा पुलिस के सहयोग से कार्यकर्ता के घर में दबिश देकर बच्चे को उसके चंगूल से छुड़ाया है। पुलिस ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बच्चे को चाइल्ड लाइन केयर के कार्यकर्ता अपने साथ ले गए।

कोटा थाना प्रभारी मीना ठाकुर ने बताया कि चाइल्ड लाइन के सुपर वाइजर तोरवा स्थित मिश्रा हास्पिटल के पास रहने वाली स्वेता पति रोहित गुप्ता को शिकायत मिली। इसके अनुसार कोटा पड़ावपारा में रहने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी भैना पति राजकुमार ने चार साल के बच्चे रोशन को गोद लिया है, वह बच्चे को बंधक बनाकर घर का सारा काम कराती है और उसके साथ मारपीट करती है। गुरूवार को सुपर वाइजर श्रीमती गुप्ता ने अन्य कार्यकर्ताओं के साथ कोटा जाकर कोटा पुलिस के सहयोग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजकुमार भैना के घर में दबिश दी। आवाज लगाने के बाद भी महिला दरवाजा नहीं खोल रही थी। पुलिस के द्वारा दबाव बनाने पर उसने दरवाजा खोला, कार्यकर्ताओं ने पुलिस के साथ अंदर जाकर कमरे की तलाशी ली तो रोशन रस्सी से बंधा मिला। पूछताछ में रोशन ने बताया, महिला उसके घर का सारा काम कराती है और आए दिन मारपीट करती है। वह उसे खेलने के लिए बाहर नहीं भेजती है। पुलिस ने श्रीमती गुप्ता की रिपोर्ट पर किशार न्याय बच्चों के देखभाल 2015 की धारा 75 व बीएनएस की धारा 296, 115, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है। बच्चा रोशन को चाइल्ड लाइन के कार्यकर्ता अपने साथ ले गए हैं।

**महिला दे रही गोलमोल जवाब**-थाना प्रभारी श्रीमती ठाकुर ने बताया, आरोपी महिला बता रही है बच्चा रोशन उसकी छोटी बहन सुनीता भैना का बेटा है। उसने दूसरी शादी कर ली है। शादी के पहले 20 नवंबर 2024 को उसने एग्रीमेंट करवाकर रोशन को गोद लिया था। बहन के संबंध में पूछने पर वह कुछ नहीं बता रही है।

# कलेक्टोरेट घेरने जा रहे कांग्रेसियों व पुलिस के बीच झड़प, पानी की बौछार

■ बिजली बिल, धान खरीदी में अव्यवस्था, रजिस्ट्री शुल्क वृद्धि जैसे पांच सूत्रीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने किया जमकर विरोध प्रदर्शन



एसबीआई कलेक्टोरेट के पास धरना प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरुवार को कांग्रेस के कलेक्टोरेट घेराव आंदोलन के दौरान भारी हंगामा हुआ और पुलिस व कांग्रेसियों के बीच जमकर झड़प हुई। कलेक्टोरेट घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों की भीड़ को पुलिस ने रोकने की कोशिश की, किन्तु भीड़ नारेबाजी करते हुए बेरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करने लगी, पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए वॉटर कैनन से पानी की बौछार की।

जिले की सड़कों की दुर्दशा, बिजली बिल के नाम से जनता से बेहिसाब लूट और धान खरीदी में व्याप्त अव्यवस्था समेत बिलासपुर जिले में जमीन के छोटे प्लाट की रजिस्ट्री पर अघोषित रोक एवं रजिस्ट्री दरों में बेतहाशा वृद्धि तथा गरीबों के झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाने इन पांच सूत्रीय मुद्दों के विरोध को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज कलेक्टोरेट घेराव का कार्यक्रम रखा गया था। दोपहर करीब 12 बजे कांग्रेसजन कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए और वहां से पैदल मार्च करते हुए नेहरू चौक पहुंचे। नेहरू चौक पर जिले के अलग-अलग जगहों से भी कांग्रेसजनों की भीड़ पहुंच गई और वहां पर सभा के बाद कांग्रेस नेता कलेक्टोरेट की ओर गए, किन्तु कलेक्टोरेट और नेहरू चौक के बीच प्रशासन, पुलिस द्वारा बेरिकड लगाकर मार्ग को घेर दिया गया था। कांग्रेसी राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बेरिकेड के पास पहुंचे तो वहां पर पहले से बड़ी संख्या में तैनात पुलिस बल द्वारा उन्हें रोका गया।

### कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा

घेराव के पहले नेहरू चौक पर बनाए गए छोटे से मंच के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने धान खरीदी में अव्यवस्था, खराब सड़कें, बिजली बिलों में बढ़ोतरी, छोटे भूमि की रजिस्ट्री एवं रजिस्ट्री फीस में वृद्धि तथा गरीबों के घर, झोपड़ियों को तोड़े जाने के मामले में राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला गया। कांग्रेसजनों ने कहा कि सरकार गरीबों और मध्यम वर्ग को कुचल रही है। उनका कहना था कि जिले की जर्जर खस्ताहाल सड़कों की तत्काल मरम्मत की जाए, बिजली बिलों के नाम पर हो रही लूट पर तुरंत रोक लगाई जाए तथा धान खरीदी में जारी अव्यवस्था को दूर कर किसानों को सुचारू व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। गरीबों के पुराने झोपड़ियों पर की जा रही बुलडोजर कार्रवाई पर तुरंत रोक लगाई जाए और जमीन रजिस्ट्री पर लगी अघोषित रोक समाप्त की जाए एवं बढ़ी हुई रजिस्ट्री दरों को वापस लिया जाए।

### घेराव प्रदर्शन में ये हुए शामिल

कांग्रेस द्वारा आज घेराव विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय सहित पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, जगदीश कौशिक, सिद्धांशु मिश्रा, लक्ष्मीनाथ साहू, जावेद मेमन, आदित्य दीक्षित, राजेन्द्र धीवर, गीताजंलि कौशिक, आत्मजीत मक्कड़, शिवबाला कौशिक, राजेन्द्र साहू, समीर अहमद, देवेन्द्र सिंह, महेश दुबे, जितेन्द्र पांडेय, बिहारी देवांगन, संदीप यादव, झगरराम सूर्यवंशी, मोनू अवस्थी, विनोद साहू, शिवा मिश्रा, महेंद्र गंगोत्री, नाजिम खान, पिंकू पांडेय, बंटी सिंह, स्वर्णा शुक्ला वीणा मसीह, माया मिश्रा, सीमा घृतेश आदि कांग्रेसजन शामिल थे।

**तीन संस्थानों में की गई छापेमारी**

# फिर जब्त हुआ 142 क्विंटल अवैध संग्रहित धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ बाजार कीमत साढ़े 4 लाख

खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में गुरूवार को भी 142 क्विंटल अवैध रूप से संग्रहित कर रखा गया धान जब्त कर लिया गया। प्रशासन द्वारा पकड़े गए धान की बाजारू कीमत साढ़े चार लाख रूपए बताई गई है। इससे पहले प्रशासन द्वारा बीस लाख रूपए का धान जब्त किया जा चुका है।

बिना वैध दस्तावेजों के धान का व्यवसाय कर रहे व्यापारियों के खिलाफ प्रशासन ने गुरूवार को भी बड़ी कार्रवाई की है। कार्रवाई के अभाव में उक्त व्यापारी निश्चित रूप से सहकारी समितियों से सांठगांठ करके संग्रहित कर रखा गया धान खपा लेते, लेकिन इसके पहले ही कलेक्टर के निर्देश पर पकड़ लिए गए।

इस संबंध में खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर ने बताया कि मस्तूरी विकासखंड के ग्राम किरारी में दो व्यापारियों के कब्जे से 115 बोरी धान (46 क्विंटल), बेलगहना विशेष ट्रेडर्स से 90 बोरी (36 क्विंटल) और तखतपुर तहसील में 3 जगहों पर छापामारी कर 150 बोरी (60 क्विंटल) बरामद किए गए। उक्त कार्रवाई राजस्व विभाग के नेतृत्व में खाद्य और मंडी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

**मामला प्रेस प्रसंग का**

# स्कूल जा रही छात्रा के अपहरण की खबर से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्कूल जा रही छात्रा का रास्ते में बाइक सवार के द्वारा अपहरण कर लेने की खबर से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर तीन घण्टे बाद पुलिस ने युवक के साथ छात्रा को पकड़ लिया। पूछताछ में मामला प्रेम प्रसंग निकला। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

कोटा थाना प्रभारी मीना ठाकुर ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली कक्षा दसवीं का छात्रा अपने छोटे भाई के साथ पैदल स्कूल जा रही थी। भाई आगे चल रहा था और बहन पीछे चल रही थी। रास्ते में भाई ने बहन को एक युवक के द्वारा बाइक में बैठाकर ले जाते देखा तो वह शोर मचाने लगा। अपहरण की आशंका में गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कोटा पुलिस गांव पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद छात्रा को लेकर जाने वाले की मोहनभाठा निवासी रमन चतुर्वेदी के रूप में पहचान हुई। उसके बाद उक्त युवक का मोबाइल लोकेशन निकाला गया।

लोकेशन के आधार पर नहर के रास्ते में भागते हुए छात्रा व युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। उसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। पूछताछ में प्रेम प्रसंग का मामला निकला। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वांशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविदं ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# चिल्ड्रन हेल्थ स्पेशल

# सर्द मौसम में रखें बच्चों का ख्याल चिकित्सकीय परामर्श द्वारा करें देखभाल

## सर्दियों में बच्चों की देखभाल के लिए पालकों को सुझाव

**शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक कश्यप**

माता-पिता एवं अभिभावकों को निम्न महत्वपूर्ण सुझावों को अपनाने की सलाह दी है - लेयरिंग तकनीक : बच्चों को ठंड लगने से बचाने के लिए सर्दी के मौसम में गर्म कपड़े पहनाएं और लेयरिंग की तकनीक अपनाएं। बच्चे को सिर, हाथ और पैर ढकने के लिए ऊनी कपड़े पहनाएं। एक मोटा जैकेट पहनाने के बजाय लेयरिंग (कई पतली परतें) में कपड़े पहनाएं जैसे बॉडी वॉर्मर, फिर पतला स्वेटर और फिर जैकेट पहनाएँ।

तरल पदार्थ का सेवन से हाईड्रेट रखें : बच्चों को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ (जैसे पानी, गर्म दूध, जूस एवं सूप) नियमित रूप से दें और पौष्टिक, गर्म व संतुलित आहार खिलाएं। ठंड में बच्चे कम पानी पीते हैं, जिससे डीहाइड्रेशन हो सकता है। उन्हें थोड़े-थोड़े समय पर पानी, जूस, सूप और नारियल पानी पीने को दें।

त्वचा की देखभाल : बच्चों की गुनगुने तेल से मालिश करें और त्वचा को जरूर से मॉइस्चराइज़ करें। भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचाएँ जहाँ पर त्वचा पर वायरस लगने का खतरा होता है।

नियमित मालिश : बच्चों को गुनगुने तेल, जैसे नारियल तेल, बादाम या जैतून का तेल से नियमित रूप से मालिश करें। इससे रक्त संचार सुधरता है और त्वचा को नमी मिलती है।

त्वचा को मॉइस्चराइज़ करें : नहाने के तुरंत बाद बच्चों की त्वचा पर अच्छी गुणवत्ता वाला मॉइस्चराइज़र या पेट्रोलियम जेली लगाएं ताकि त्वचा रूखी न हो। नहाने का समय : बच्चों को नहलाने के लिए गुनगुने पानी का उपयोग करें और नहाने का समय 5-10 मिनट तक सीमित रखें।

पौष्टिक एवं संतुलित आहार : बच्चों को हमेशा संतुलित आहार दें जिसमें विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां शामिल हों। गाजर को दूध में मिलाकर देना फायदेमंद हो सकता है।

प्रोबायोटिक्स और मेवे : बच्चों को प्रोबायोटिक खाद्य पदार्थ और बादाम, अखरोट, किशमिश जैसे सूखे मेवे भी लाभकारी होते हैं।

गर्म भोजन का सेवन : अगर बच्चा ठोस आहार लेता है, तो उसे ताजा एवं गर्म भोजन दें तथा गर्म सूप, दाल का पानी और ताजी मौसमी सब्जियां और मौसमी फल दें।

गुणवत्तापूर्ण नींद जरूरी है : नींद आपके बच्चे के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वास्तव में, नींद उतनी ही ज़रूरी है जितनी पोषण और व्यायाम। नींद शरीर को आराम देती है और उचित वृद्धि और विकास सुनिश्चित करने में मदद करती है। हमें कितनी नींद की ज़रूरत है, यह हमारी उम्र के साथ बदलता रहता है। हालाँकि हर किसी के लिए आदर्श नींद की मात्रा अलग-अलग होती है, नवजात शिशु आमतौर पर 18 घंटे (दिन और रात में मिलाकर) तक सोते हैं, जबकि किशोरों को रात में कम से कम 9 घंटे की नींद की ज़रूरत होती है। पर्याप्त नींद न लेने से उनके मूड और भावनाओं, उनकी सीखने की क्षमता और दूसरों के साथ उनके व्यवहार पर असर पड़ सकता है। सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त गुणवत्ता वाली नींद लें।


लोटस चिल्ड्रन हॉस्पिटल
LOTUS CHILDREN HOSPITAL
उपलब्ध सुविधाएं
* नवजात शिशु चिकित्सा इकाई (NICU)
* सभी दिन संपूर्ण टीकाकरण उपलब्ध।
* शिशु रोग चिकित्सा इकाई (PICU) * एक्स-रे, पैथोलॉजी
* न्यूरोलॉजी क्लीनिक (बच्चों में मिर्गी/झटके दिमागी अपरिपक्वता, मस्तिष्क ज्वर, दिमागी मलेरिया इत्यादि का उपचार)
* थेलेसिमिया व सिकलिंग के बच्चों के लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन, क्राइसिस, ट्रीटमेंट एवं रक्त संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
* नेफ्रोलॉजी क्लीनिक (बच्चों में गुर्दे की बीमारियों-नेफ्रोटिक सिन्ड्रोम)
* बच्चों के ग्रोथ मॉनिटरिंग की सुविधा और न्यूट्रिशियन संबंधी काउंसिलिंग उपलब्ध।
डॉ. अनिस आकबानी
DCH, DNB (Pediatrics)
Fellowship in Neonatology (Banglore)
शिशु रोग एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ
डॉ. आलोक कश्यप
MD, Pediatrics (Jabalpur)
नवजात शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज चंद्राकर
MD, Pediatrics
(Ahmedabad & Wadia Hospital Mumbai)
Fellowship in Pediatrics ICU
2D ECHO TRAINED
क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
24/7 Emergency Services
शहर के मध्य में स्थित सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
आयुष्मान भारत योजना द्वारा 0-18 वर्ष के बच्चों की मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण एवं 24x7 भर्ती सुविधा
सी-मार्ट के सामने, राजेन्द्र नगर चौक, रायपुर रोड बिलासपुर (छ.ग.)
86400013150, 8109913150, 07752-446602



अव्यान मेडिकेयर
DR. ARUNIMA SINGH
M.B.B.S (Hons.) GOLD MEDALIST
M.D. MEDICINE
CONSULTANT PHYSICIAN
Reg.No.: C.G.M.C. 8853/2019
विशेष अनुभव : डॉयबिटीज़, हाई ब्लड प्रेशर, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल, हृदय, लिवर, किडनी, श्वसन, वातरोग
यहाँ ECG, ब्लड शुगर जाँच की सुविधा है एवं ब्लड, यूरीन जांच की व्यवस्था भी है।
कुर्मी भवन, आर. के. पेट्रोल पंप के सामने, सीपत रोड, सरकंडा, बिलासपुर
For Appointment, Call-9479232781


## कोविड संक्रमित बच्चों एवं किशोरों का रखें विशेष खयाल : डॉ. अरूणिमा सिंह

अध्ययनों में यह देखा गया है कि पूर्व RS-CoV-2 संक्रमण वाले बच्चों और किशोरों में असंक्रमित लोगों की तुलना में उच्च रक्तचाप, वेंट्रिकुलर अतालता, मायोकार्डिटिस, हृदय गति रुकना, कार्डियोमायोपैथी, थ्रोम्बोम्बोलिज़्म, सीने में दर्द और धड़कन सहित विभिन्न हृदय संबंधी परिणामों का जोखिम अधिक होता है। ये निष्कर्ष उन बच्चों और किशोरों के लिए मेडिकल फॉलोअप के महत्व को रेखांकित करते हैं जो कोविड.19 से उबर चुके हैं, विशेष रूप से उनमें जिन्हें जन्मजात हृदय रोग या तीव्र चरण के दौरान गंभीर संक्रमण की हिस्ट्री है। एनआई की बढ़ती हुई दर विशेष रूप से बुजुर्गों और किशोरों में देखी जाती है।



## राय डेंटल क्लिनिक दंत चिकित्सा में उन्नत सुविधाओं और विश्वसनीयता का संगम

शिव टॉकीज रोड पर स्थित राय डेंटल क्लिनिक, आधुनिक दंत चिकित्सा की उत्कृष्टता और उच्चतम मानकों का प्रतीक है। इस क्लिनिक का संचालन डॉ आनंद राय और डॉ प्रियंका राय पिछले दर्शको से करते आ रहें हैं, जो अपने क्षेत्र में न केवल अनुभवी हैं बल्कि अपने मरीजों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील और समर्पित भी हैं। उनकी विशेषज़ता और कुशलता ने क्लिनिक को मरीजों के बीच लोकप्रिय और विश्वसनीय बना दिया है। राय डेंटल क्लिनिक में आधुनिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है बच्चों की दंत स्वास्थ्य का महत्व, बच्चों की दंत स्वास्थ्य उनकी संपूर्ण सेहत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अक्सर, माता.पिता शुरुआती दंत देखभाल की नजर अंदाज कर देते हैं, जिससे बच्चों में आगे चलकर कैविटी और मसूड़ों में संक्रमण जैसी समस्याएँ हो सकती हैं। नियमित दंत जाँच से समस्याओं का समय पर पता लगाया जा सकता है, जिससे बच्चों की मुस्कान जीवन भर स्वस्थ रहती है।

## अनुभवी चिकित्सकों की टीम : स्टार चिल्ड्रन हास्पिटल

शहर के हृदय स्थल अग्रसेन चौक में स्थित स्टार चिल्ड्रन हॉस्पिटल पालकों के बीच जाना पहचाना विश्वसनीय संस्थान है, जहां बच्चों की देखभाल के लिए उच्च तकनीक के चिकित्सीय उपकरण तो है ही साथ ही साथ अनुभवी चिकित्सकों की टीम बच्चों के देखभाल के लिए हमेशा उपलब्ध रहती है। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया सर्दी के मौसम में ना केवल बच्चों को बल्कि किशोरों के स्वास्थ्य के प्रति सजकता जरूरी है। समय-समय पर बच्चों को टीके लगाने के साथ उनके खानपान का विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि इस मौसम में होने वाली संक्रमित बीमारियों व विंटर डायरिया से बचाया जा सके।


राय डेंटल क्लिनिक
20 साल | 25 डॉक्टर्स | 10 लाख मुस्कान
20th Anniversary
डॉ. आनंद राय
डेंटल सर्जन &
इम्प्लांटोलॉजिस्ट
डिजीटल स्माइल डिज़ाइनर
राय डेंटल क्लिनिक ने अपनी उत्कृष्ट और विश्वसनीय दंत चिकित्सा सेवाओं के 20 सफल वर्ष पूरे कर लिए हैं।
डॉ. प्रियंका राय
कॉस्मेटिक डेंटल सर्जन
एण्ड आरसीटी स्पेशलिस्ट
पिछले दो दशकों में क्लिनिक ने लाखों मरीजों को उन्नत, सुरक्षित और दर्द-रहित दंत उपचार प्रदान करते हुए समुदाय में भरोसे का एक मजबूत स्थान बनाया है। क्लिनिक के प्रमुख डॉ. आनंद राय ने बताया कि इन 20 वर्षों की यात्रा में आधुनिक तकनीक, सटीक उपचार, स्वच्छता मानकों और मरीजों की संतुष्टि को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। क्लिनिक में रूट कैनाल, क्राउन एवं ब्रिज, इम्प्लांट, बच्चों के दाँतों का उपचार, स्माइल डिज़ाइन और अन्य सभी उन्नत दंत सेवाएँ उपलब्ध हैं। डॉ. राय ने अपने मरीजों, परिवार, सहयोगियों और पूरे स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा–"राय डेंटल क्लिनिक की सफलता हमारे मरीजों के विश्वास और हमारी टीम की निष्ठा का परिणाम है।
हम आने वाले वर्षों में भी इसी गुणवत्ता और समर्पण के साथ सेवाएँ देते रहेंगे।
आधुनिक तकनीक, अनुभवी डॉक्टर हर मुस्कान को बेहतरीन बनाएं!
• इम्प्लांट द्वारा फिक्स दांत
• डिजिटल स्माईल डिजाईन
• ज़िरकोनिया के फिक्स दाँत (एक दिन में)
• रूट कनाल ट्राटमेंट (सिंगल विजिट)
• डेंटल एक्स-रे/ओपीजी
• आड़े तिरछे दांतों का पंक्तिकरण क्लियर अलाइनर
• सिरामिक द्वारा सम्पूर्ण बत्तीसी
• मसुड़ों की सर्जरी (फ्लेप सर्जरी)
• कस्मेटिक डेंटल फिलिंग
• टीथ वाइटनिग
हमारे सहयोगी डॉक्टर्स
डॉ संदीप थोसर, डॉ सहाना सीरत, डॉ ट्विंकल चोपड़ा, डॉ नेहा सिंह, डॉ सौम्या बैनर्जी, डॉ हर्षित टुटेजा, डॉ आँचल दामा
RAI DENTAL CLINIC
WE SHAPE HEALTH - NOT JUST TEETH
सत्य सांई प्लाजा, शिव टॉकीज रोड, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर (छ.ग.)
Ph.: 07752-412880 Mob.: 7879111555
Visit: www.raidentalclinic.in, Email : dranandrai001@gmail.com


## राय डेंटल क्लिनिक ने पूरे किए 20 वर्ष

राय डेंटल क्लिनिक ने अपनी उत्कृष्ट और विश्वसनीय दंत चिकित्सा सेवाओं के २० सफल वर्ष पूरे कर लिए हैं। पिछले दो दशकों में क्लिनिक ने हज़ारों मरीजों को उन्नत, सुरक्षित और दर्द.रहित दंत उपचार प्रदान करते हुए समुदाय में भरोसे का एक मजबूत स्थान बनाया है। क्लिनिक के प्रमुख डॉ० आनंद राय ने बताया कि इन २० वर्षों की यात्रा में आधुनिक तकनीक, सटीक उपचार, स्वच्छता मानकों और मरीजों की संतुष्टि को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। क्लिनिक में रूट कैनाल० क्राउन एवं ब्रिज, इम्प्लांट, बच्चों के दाँतों का उपचार, स्माइल डिज़ाइन और अन्य सभी उन्नत दंत सेवाएँ उपलब्ध हैं। डॉ राय ने अपने मरीजों, परिवार, सहयोगियों और पूरे स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा राय डेंटल क्लिनिक की सफलता हमारे मरीजों के विश्वास और हमारी टीम की निष्ठा का परिणाम है।.

## बच्चों के दाँतों की देखभाल ज़रूरी

☆ दिन में दो बार ब्रश कराएं . सुबह और रात सोने से पहले ब्रश करना अनिवार्य बनाएं।

☆ सही ब्रश करने की आदत डालें, गोल हल्के हाथ से और २ मिनट तक ब्रश करना सिखाएं।

☆ मीठी चीज़ें कम दें, चॉकलेट, टॉफी, कोल्ड ड्रिंक से दाँतों में कीड़ा जल्दी लगता है।

☆ हर ३ महीने में ब्रश बदलें, पुराना ब्रश सफाई ठीक से नहीं करता।

☆ दूध के दाँत भी महत्वपूर्ण हैं, ये बच्चों के स्थायी दाँतों की नींव बनाते हैं, इन्हें स्वस्थ रखें।

☆ रात में दूध एवं जूस पिलाकर न सुलाएं, सोते समय मीठा मुँह में रहने से दाँत खराब होते हैं।

☆ नियमित डेंटल चेकअप कराएं, हर ६ महीने में दाँतों की जाँच ज़रूर करवाएं।

☆ पौष्टिक भोजन दें कैल्शियम, विटामिन डी और फाइबर वाला खाना दाँत मजबूत करता है।

☆ फ्लोराइड टूथपेस्ट का उपयोग करें यह दाँतों को कीड़े से बचाता है।

☆ बच्चों को पानी ज्यादा पिलाएं, पानी मुँह साफ रखता है और कैविटी से बचाता है।


स्टार चिल्ड्रन हॉस्पिटल
आपके बच्चे की सुरक्षा, हमारा कर्तव्य है.
ADVANCED NICU & CRITICAL CARE
50 बिस्तरों का सर्व सुविधा युक्त बच्चों का अस्पताल
डॉ. संतोष गेमनानी — MD, NICU Incharge, Fellow in clinical Neomatology
डॉ. एम. एच. सिद्दीकी — MD, MRCPCH (LONDON UK)
डॉ. प्रीतिश बनर्जी — MD, NICU Incharge, Fellow in clinical Neomatology
डॉ. निखिल शंभु — DCH, DNB, क्रिटिकल केयर स्पेशलिष्ट
डॉ. संगीता जोशी — MD, High Dependency Incharge
डॉ. अशोक मेहता — DCH
उपलब्ध पैडियाट्रिक सर्जन
डॉ. ओम माखीजा — MS, Mch
डॉ. अनुराग कुमार — MS, Mch, Pediatric Surgeon
आयुष्मान भारत योजना द्वारा 0-18 वर्ष के बच्चों की मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
सभी इंश्युरेंस कंपनियों द्वारा कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध है
Chhattisgarh State Govt.
South East Central Railway
Cholamandalam General Insurance Co. Ltd.
ICICI Lombard General Insurance Co Ltd
Bajaj Allianz General Insurance Co Ltd
NIVA BUPA Health Insurance Co Ltd
Future General India Lifeinsurance Co Ltd.
FHPL -TPA
Iffco - Tokio General Insurance Co Ltd
SBI General Insurance Co Ltd.
Aditya Birla Health Insurance Co Ltd
Paramount Health Services & Insurance Tpa Pvt.Ltd
Medi Assist Insurance TPA Services
Star Health and Allied Insurance Co Ltd.
Universal Sompo General Insurance
HDFC Ergo General Insurance
Care Health Insurance
TATA Aig General Insurance
ACKO General Insurance
अग्रसेन चौक, बिलासपर (छ.ग.)
फोन : 07752-470170, 470172 मो. : 9174574149



आयोजन

## आयुर्वेद भारतीय चिकित्सा विज्ञान की प्राचीन और वैज्ञानिक पद्धति



**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने नूतन चौक स्थित शासकीय आयुर्वेदिक हॉस्पिटल का शैक्षणिक भ्रमण कर आयोजन किया। इस अवसर पर भ्रमण का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शशिकला सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।

भ्रमण की समन्वयक डॉक्टर दीपिका महोबिया थी,भ्रमण में बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर एवं बॉटनी फर्स्ट सेमेस्टर की 47 छात्राएं उपस्थित रही। अस्पताल के अधीक्षक डॉ आर चतुर्वेदी ने छात्राओं को अपने उद्बोधन में कहा कि आयुर्वेद भारतीय चिकित्सा विज्ञान की प्राचीन और वैज्ञानिक पद्धति है। भ्रमण के दौरान छात्रों को अस्पताल के विभिन्न विभागों जैसे ओपीडी, पंचकर्म विभाग, औषधी वितरण इकाई, हर्बल गार्डन तथा आयुर्वेदिक उपचार कक्षों का निरीक्षण कराया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न आयुर्वेदिक उपचार पद्धतियों, रोग निदान की तकनीकों, औषधियों के उपयोग तथा पंचकर्म प्रक्रियाओं के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ नमिता दीवान एवं डॉ विद्याभूषण पांडे द्वारा छात्राओं को व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान में जीवन में आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डाला गया इस भ्रमण से छात्राओं की व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि होगी तथा भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में अनुसंधान और सेवा कार्य के प्रति उनकी रुचि मजबूत होगी।

जागरूकता

## नशामुक्त भारत, स्वस्थ भारत विषय पर कार्यशाला



**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रषासन के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें खाद्य विभाग से औषधि निरीक्षक काम्लेश्वरी पटेल, सुमन कंवर, अश्वनी कुमार एवं आशीष पाण्डेय उपस्थित थे। इन्होंने नशा से मुक्त होने के लिए सभागार को जागरूक किया।

नशा का गलत परिणामों के बारे में जानकारी दी और इससे सामाजिक तथा शारीरिक एवं मानसिक क्षति के बारे में बताया । यह कार्यशाला प्राचार्य डॉ शशिकला सिन्हा के अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम का संचालन डॉ वंदना राठौर तथा आभार प्रदर्शन आनंद कुमार यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण डॉ आरती सिंह ठाकुर, डॉ अर्चना शुक्ला, डॉ इसाबेला लकड़ा, डॉ शोभा महिस्वर, सुरेखा देवांगन, डॉ ललिता साहू, डॉ रश्मि जैन, डॉ अनुपा तिर्की, डॉ राजकुमार पटेल, डॉ एस के पटेल, डॉ दीपिका महोबिया, भरतदास मानिकपुरी,अल्का डडसेना सहित अन्य सभी अतिथि प्राध्यापकगण एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

शिविर

## जो शिक्षक का मान करता है, वह ज्ञान का वरदान पाता है : बीके स्वाति

**बिलासपुर।** विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई का नशा होना अत्यंत आवश्यक है। यह वह नशा है जो जीवन को ऊंचाइयों तक ले जाता है, आत्मविश्वास बढ़ाता है और व्यक्ति को सार्थक लक्ष्य प्रदान करता है। पढ़ाई को बोझ नहीं, बल्कि आत्म-विकास का सबसे सुंदर माध्यम समझना चाहिए। जब मन पढ़ाई से प्रेम करता है, तब विषय कठिन नहीं लगते और सफलता सहज हो जाती है।

शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है,बल्कि यह मनुष्य के चरित्र, व्यवहार और संपूर्ण व्यक्तित्व को आकार देती है। जिस विद्यार्थी को अपनी पढ़ाई से प्रेम और लगन होती है, वही जीवन में आगे बढ़कर समाज के लिए प्रेरणा बनता है। उक्त वक्तव्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारिज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में एक विशेष प्रेरणात्मक कार्यक्रम में सेवाकेन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा। दीदी ने आगे कहा कि विद्यार्थी जीवन अपने आप में एक अमूल्य अवसर है। यह वह समय है जब जीवन की दिशा और दृष्टि दोनों निर्धारित होती हैं। इसलिए पढ़ाई के प्रति गंभीरता, नियमितता और प्रेम होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई का नशा एक ऐसा सकारात्मक उत्साह है, जो विद्यार्थियों को लक्ष्य-केन्द्रित, जागरूक और आत्मविश्वासी बनाता है। दीदी ने अनुशासन को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि अनुशासन सिर्फ समय पर उठने, पढ़ने या स्कूल जाने का नाम नहीं है बल्कि यह जीवन की पूरी व्यवस्था को सुगठित करता है। अनुशासित विद्यार्थी में समय प्रबंधन की क्षमता बढ़ती है, मन एकाग्र रहता है और लक्ष्य तक पहुँचने का मार्ग सरल होता जाता है। बीके स्वाति दीदी ने क्लास के दौरान शिक्षक के सम्मान पर भी विशेष जोर दिया उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल विषय नहीं पढ़ाते, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। जो विद्यार्थी अपने शिक्षक का आदर करता है, उसके जीवन में सीख की गहराई स्वतः बढ़ जाती है। जो शिक्षक का मान करता है, वह ज्ञान का वरदान पाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि स्कूल में देरी से आने पर विद्यार्थियों को खड़ा किया जाता है, यह दंड नहीं बल्कि समय का मूल्य समझाने का प्रयास है। शिक्षक का सम्मान सिर्फ व्यवहार से ही नहीं, बल्कि उनकी बातों को जीवन में उतारने से भी दिखता है।



परीक्षा आत्मविश्वास बढ़ाने वाला माध्यम बन सकती

परीक्षा जीवन का स्वाभाविक और आवश्यक हिस्सा है। परीक्षा से डरना नहीं, बल्कि उसे जीवन की प्रगति का चरण समझकर सकारात्मक रूप से लेना चाहिए।

नवंबर में 29,30 और दिसंबर में 1,4,5, 6 को शुभ लगन

# कम मुहूर्त होने से जमकर हो रही शादियां 6 दिसंबर को लग जाएगा विराम

देवउठनी एकादशी के बाद वैवाहिक सीजन विलंब से शुरू होने से इस बार कम विवाह मुहूर्त थे। इसके चलते अब अंतिम मुहूर्त पर बड़ी संख्या में शहर में वैवाहिक आयोजन हो रहे है, नबंबर माह का कुछ दिन शेष है, और दिसंबर में भी महज 6 दिसंबर तक ही शुभ महुर्त मिल रहा है। इस वजह से शहर में बड़ी संख्या में विवाह हो रहे है।

**बिलासपुर।** साल 2025 का आंतिम वैवाहिक सीजन में अब सिर्फ पांच से सात ही मुहूर्त शेष है। इन वैवाहिक आयोजन पर हल्दी, महेंदी, विवाह और आर्शीवाद समारोह मैरिज गार्डन, धर्मशाला, होटल्स मुहूर्त के दौरान बुक है। नबंबर में 29,30 और दिसंबर में 1,4,5, 6 को वैवाहिक आयोजन होंगे। बतादें की कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की देव उठनी एकादशी के दिन श्रीहरि विष्णु के चार माह की निद्रा से जागने के बाद मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है। पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया की इसके बाद शुक्र का तार अस्त होने और धनुमार्स लगने के चलते वैवाहिक आयोजन पर एक बार फिर विराम लग जाएगा। 13 दिसंबर को पूर्व दिशा में शुक्र ग्रह के अस्त होने और वृद्धत्व दोष के कारण 8 दिसंबर से विवाह कार्य रुक जाएंगे। इसके अतिरिक्त 31 जनवरी तक खरमास रहेगा। इस दौरान भी विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण आदि मांगलिक कार्य पर विराम रहेगा। इसके बाद फरवरी से शुभ कार्य शुरू होंगे।

**किस माह में विवाह के कितने शुभ मुहूर्त**

| |
|---|
| नवंबर : 29 एवं 30 |
| दिसंबर: 4, 5, 6, 11, 12 वर्ष 2026 |
| जनवरी (कोई मुहूर्त नहीं) |
| फरवरी: 4, 5, 10, 13, 20, 21 |
| मार्च: 9, 10, 11, 12 |
| अप्रैल : 20, 21, 26 |



### दिसंबर के बाद फरवरी में विवाह

पंडित ने बताया की दिसंबर के बाद जनवरी में एक दिन भी शुभ कार्य नहीं होंगे। इसके बाद विवाह के मुहूर्त 4 फरवरी में रहेंगे। फरवरी में 12 दिन शादियों के लिए मुहूर्त रहेंगे। इसमें 4,5,6,7,8,9,12,13,15,19,20 21 फरवरी को आयोजन होंगे।

### 2026 में 60 से अधिक मुहूर्त

अगर 2026 की बात करे तो इसमें 60 से अधिक विवाह के मुहूर्त है। इस अनुसार यह वर्ष भी वैवाहिक आयोजन के लिए अनुकूल माना जा रहा है। जनवरी को छोड़ दिया जाए तो फरवरी में 12 दिन विवाह होंगे। सबसे ज्यादा मुहूर्त इसी दिन होंगे, इसके बाद मार्च में नौ, अप्रैल-मई में आठ-आठ, जून में सात और जुलाई में चार दिन विवाह मुहूर्त रहेंगे। इसके बाद नवंबर में चार और दिसंबर में सात दिन विवाह होंगे।

## श्री गुरुतेग बहादुर साहेब के 350 वें शहादत वर्ष पर निबंध प्रतियोगिता

**बिलासपुर।** अल्पसंख्यक आयोग द्वारा आयोग के अध्यक्ष स अमरजीत सिंह छाबडा के नेतृत्व में आयोजित श्री गुरुतेग बहादुर साहेब जी के 350 वे शहादत वर्ष को समर्पित छत्तीसगढ स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के प्रथम चरण में सेन्ट्रल स्कूल श्री गुरुनानक चौक शासकीय हाई स्कूल गांधी चौक खालसा, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दयालबंद, रेल्वे स्कूल, रेल्वे कालोनी, शासकीय आत्मानंद स्कूल सरकंडा, महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल गांधी चौक, दयालबंद एवम अन्य स्कूल के लगभग 1788 बच्चो हिस्सा लिया।

श्री गुरुतेग बहादुर साहेब जी की जीवनी और उनके शहादत पर लिखी पुस्तिका छत्तीसगढ अल्पसंख्यक आयोग द्वारा बच्चो वितरीत की गई थी। जिसमे श्री गुरुतेग बहादुर साहेब जी हिंद की रक्षा की खातिर जो बलिदान दिया उसका विस्तृत विवरण दिया इसी विषय पर निबंध प्रतियोगिता रखी गई। जिला स्तर चयनित बच्चो प्रथम द्वितीय एवम तृतीय पुरस्कार भी दिया जाएगा।

चयनित बच्चो को रायपुर में आयोग द्वारा निश्चित तिथि में छत्तीसगढ स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका भी मिलेगा। पुर्व अध्यक्ष अमरजीत सिंह दुआ, सहसचिव डॉ चरनजीत सिंह गंभीर, गुरुनानक शिक्षण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चावला, जसबीर सिंह, नितिन छाबडा, जसपाल सिंह, अमित कुमार ने सभी स्कूल मे जाकर प्रतियोगिता का निरीक्षण किया।





## कलाकारों ने सजाई आकर्षक रंगोली





**बिलासपुर।** नासिक के संस्कार भारती संस्थान द्वारा 'अखिल भारतीय रंगोली प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया है, जहां छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने भी अपनी रंगों और प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस वर्ष 'भारतीय संविधान के रंग' थीम पर स्पर्धा का आयोजन किया गया है, जिसमें संविधान में बने महत्वपूर्ण चित्रों को रंगोली के माध्यम से सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ से बिलासपुर की मोना केंवट, भाटापारा के विशाल धीवर, कुरूद के अवध कंवर, धमतरी के महेंद्र मरकाम, रायपुर के दीपक शर्मा और सिद्धार्थ सोनी सहित रंगोली कलाकार भोजराज धनगर के नेतृत्व में टीम ने हिस्सा लिया। इन कलाकारों ने अपने सृजनात्मक कौशल से रंगों की अद्भुत छटा बिखेरी और दर्शकों का मन मोह लिया।

### देशभर के 22 कलाकारों की उपस्थिति

इस प्रदर्शनी में कुल 22 चित्रों का प्रदर्शन किया गया है, जिन्हें पूरे देश के अलग-अलग राज्यों से आए 22 कलाकारों ने प्रस्तुत किया। प्रत्येक चित्र में भारतीय संविधान के महत्व और मूल तत्वों को सुंदरता और नवाचार के साथ पेश किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर को प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन के दौरान कलाकारों के प्रयासों की सराहना की गई और उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस प्रदर्शनी ने भारतीय संस्कृति और संविधान के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ रंगोली कला के महत्व को भी उजागर किया।

## सीजीपीएससी के लिए आवेदन एक दिसंबर से, इस बार 238 पोस्ट



चार साल बाद डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी के 40 से ज्यादा पद

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा का नोटीफीकेशन जारी कर दिया है। इस भर्ती के माध्यम से राज्य की विभिन्न सेवाओं में कुल 238 पदों पर नियुक्ति की जा ए गी । 2024 में 246 पदों के लिए नोटिफिकेशन था, इस वर्ष 238 पदों के साथ भर्ती जारी की गई है।

यह संख्या पिछले कई वर्षों की तरह लगभग 200-250 के दायरे में बनी हुई है, जिससे राज्य में प्रशासनिक सेवाओं की निरंतर मांग दिखती है। इस बार सर्वाधिक 51 पद नायब तहसीलदार के लिए हैं, जो राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित होंगे। इसके बाद 29 पद मुख्य नगर पालिका अधिकारी और राज्य पुलिस सेवा उप पुलिस अधीक्षक के लिए 40 से अधिक पदों पर परीक्षा होगी और डिप्टी कलेक्टर के लिए 14 पद है।

एनटी के लिए इस बार 51 पद हैं। सीएमओ के भी बैकलॉग समेत 51 पद हैं। इसमें मुख्य नगर पालिक अधिकारी (सीएमओ) वर्ग ख-18 पद, सीएमओ वर्ग ग-29 पद और बैकलॉग के 4 पद हैं। इसके अलावा राज्य कर निरीक्षक 16 पद, छग अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी 15 पद, उप पंजीयक 12 पद, आबकारी उप निरीक्षक 11 पद और राज्य कर सहायक आयुक्त के 10 पद हैं।

**अभ्यर्थियों को मिलेगा अवसर**

प्रो डॉ आशुतोष कुमार ने बताया की हालहि में सीजीपीएससी का रिजल्ट आया है, जिसमें प्रदेश से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों का चयन हुआ है,जिसमें कई अभ्यर्थी कुछ नंबर से पीछे रह गए जिससे चयन नहीं हो सका। इस नए नोटीफीकेशन जारी होने से उन सभी अभ्यर्थीयों को दोबारा मौका मिलेगा जिससे वे बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।

### 33 जिलों में होगी प्रारंभिक परीक्षा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य के 33 जिलों में प्रारंभिक परीक्षा के लिए केंद्र बनाने की योजना तैयार की है। इसके अलावा मुख्य परीक्षा के लिए 5 जिलों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा और बस्तर में परीक्षा केंद्र होंगे।

### 30 दिसंबर तक कर सकेंगे आवेदन

उम्मीदवार 1 दिसंबर से 30 दिसंबर के बीच ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रीलिम्स 22 फरवरी 2026 को 2 अलग- अलग पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10-12 बजे और दूसरी पाली 3 से 5 बजे शाम तक होगी। मुख्य परीक्षा 16-19 मई 2026 को होने की संभावना है।

स्पोर्ट्स न्यूज

## राज्य स्तरीय कीड़ो मार्शल आर्ट में जिला टीम की घोषणा



**बिलासपुर।** तृतीय राज्य स्तरीय क्वान कीड़ो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 29 व 30 नबंबर को आयोजन किया जा रहा है, जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का चयन उनकी खेल प्रतिभा,अनुशासन के आधार पर किया गया है।

ये खिलाड़ी बिलासपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे, नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी से प्रतिभा साहू,किरण प्रजापति, रियल ग्रोथ पब्लिक स्कूल उसलापुर से गरिमा खरे गीतांजलि खरे, शिवेश नंदनी कुर्रे,काम्या मरकाम, हंसिका यादव, साक्षी धृतलहरे, महिमा देवांगन,माही देवांगन,आरती मरावी,अभिनव सिंह यादव,गुरप्रीत सिंह, मोहंती इंग्लिश मीडियम स्कूल ओमनगर से प्रीति ध्रुव,रविंद्र सहगल,श्रृंखला सिंह, ये खिलाड़ी बिलासपुर जिले का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त करेंगे। इन खिलाड़ियों को समस्त स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक गण जिला संघ के पदाधिकारी डी के जायसवाल, अजीत सिंह भोगल,अरविन्द प्रताप सिंह सभी ने शुभकामनाएं प्रदान की।

## एलसीआईटी कॉलेज के दो खिलाड़ियों ने तैराकी में जीता 2 गोल्ड



एलसीआईटी कालेज की तैराकी टीम में तैराक इशनिगधा लाला ने 2 गोल्ड मेडल, अनुष्का भगत ने 2 गोल्ड मेडल व प्रताप निषाद ने 1 सिल्वर मेडल जीतकर एलसीआईटी कालेज का नाम रोशन किया है।

महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की अंतर परिक्षेत्र स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन गुरूवार को स्वामी आत्मानंद कालेज की मेजबानी में रेलवे तरणताल में किया गया। जिसमें एलसीआईटी कालेज की इशनिगधा लाल बीएएलएलबी नौवें सेमेस्टर की छात्रा ने 50 मीटर व 100 मीटर फ्री स्टाइल में गोल्ड मैडल जीता। उसी प्रकार अनुष्का भगत बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा ने 50 मीटर व 100 मीटर ब्रेथ स्ट्रोक मे गोल्ड मैडल जीता। आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी तैराकी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई की प्रताप निषाद बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र ने 100 मीटर फ्री स्टाइल में सिल्वर मैडल जीतकर इंटर कालेज तैराकी प्रतियोगिता में कालेज का दबदबा बरकरार रखा है।

## कबड्डी की विश्व चैंपियन संजू देवी का किया गया सम्मान



भारत को विजय दिलाने में अग्रणी भूमिका में रहने वाली वाली गोल्ड मेडलिस्ट गुरूवार को संजू देवी का सम्मान समारोह बहतराई स्टेडियम में खेल संघ द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोभा टाह फाउंडेशन के संस्थापक अनिल टाह ने विश्व चैंपियन गोल्ड मेडलिस्ट कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी को आर्थिक सहायता के साथ खिलाड़ी का मनोबल वर्धन सम्मान व सहयोग प्रदान की। अनिल टाह ने कहा कि संजू देवी और आगे तरक्की करे ऊंचाइयों की ओर अग्रसर रहे छत्तीसगढ़ सहित देश का नाम रोशन करें यह मेरी शुभकामनाएं है। उक्त अवसर पर जिला खेल अधिकारी ए एक्का, कमल कश्यप, हितेश देवांगन, संतराम साहू, डॉ शंकर यादव, भुवन वर्मा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र से तीन शिक्षकों की प्राचार्य पद पर पदोन्नति

**लोरमी।** एक लंबे इंतजार के बाद स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से प्राचार्य पदोन्नति का स्थापना आदेश जारी किया गया है। इसमें लोरमी क्षेत्र से सुरेश शुक्ला एवं एक ही परिवार के अरुण जायसवाल एवं अनिल जायसवाल की पदस्थापना हुई है। अरुण एवं अनिल रिश्ते में चाचा-भतीजे लगते हैं। ये दोनों प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे हैं एवं शिक्षा के क्षेत्र में भी सफल व्याख्याता तथा प्रभारी प्राचार्य रहे हैं। वर्तमान में अरुण जायसवाल स्वामी आत्मानंद स्कूल लोरमी तथा अनिल जायसवाल शास उमा विद्यालय झाफल में प्रभारी प्राचार्य हैं। पूर्व में इन्हें श्रेष्ठ शिक्षक, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान तथा उत्कृष्ट प्राचार्य के पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

### बुढीखार स्कूल के प्राचार्य बने रजक

**मल्हार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बुढीखार में वर्ष 2006 से पदस्थ व्याख्याता काशीराम रजक की पदोन्नति स्कूल के प्राचार्य के पद पर हुई है। उनकी पदोन्नति से स्कूल स्टाफ के साथ एवं ग्रामवासियों में हर्ष व्याप्त है। काशीराम रजक पिछले 5 वर्षों से प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे। उनके कार्यकाल में बच्चों की पढ़ाई के साथ अन्य विधाओं में भी स्कूल का स्तर सुधरा है।

### घर के बाहर खड़ी दुपहिया पार, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** घर के बाहर खड़ी दुपहिया वाहन को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। शिकायत पर पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार जरौंधा निवासी मनीष कुमार मेहर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 नवम्बर की शाम 6 बजे वह अपनी दुपहिया सीजी 10 एएस 9146 को घर के सामने खड़ी कर घर अंदर चला गया, दो घंटे बाद जब वह घर से बाहर निकला तो वाहन गायब था। उसने आसपास खोजबीन की लेकिन वाहन का कोई पता नहीं चला। शिकायत पर पुलिस ने धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी।

### वाटरशेड महोत्सवः रील्स प्रतियोगिता 31 दिसंबर तक

**मुंगेली।** कृषि विभाग द्वारा जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन अंतर्गत जलग्रहण विकास कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाटरशेड महोत्सव सोशल मीडिया रील्स प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 31 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता अंतर्गत जल संरक्षण विषय पर 30 से 60 सेकंड का रील्स बनाना होगा। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि, प्रतियोगिता के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करने पर आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## निधन

### श्रीमती रेणुशेखर



**बिलासपुर।** रियल हेवन नर्मदा नगर निवासी स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया मेन ब्रांच के एजीएम दीपक शेखर प्रेम की माता श्रीमती रेणुशेखर का 27 नवंबर की रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 नवंबर को प्रातः 10 बजे सरकंडा स्थित देवकीनन्दन दीक्षित मुक्तिधाम में होगा।

### नमिता दत्त



**बिलासपुर।** वेयर हाउस रोड महामाया विहार निवासी नमिता दत्त पति स्व.बी एल दत्त का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया । उनका अतिम सस्कार 28 नवबर को सुबह 11 बजे सरकडा मुकितधाम मे किया जाएगा । वे शुभाजीत दत्त की माता थीं।

## फरवरी में होगी अगली सुनवाई

# शासन ने कंपोजिट बिल्डिंग मामले में प्रस्तुत किया शपथ पत्र

कंपोजिट बिल्डिंग में लिफ्ट खराब होने के मामले में शासन की ओर शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। शपथ पत्र को देखने के बाद कोर्ट ने इस मामले में मानिटरिंग के लिए फरवरी 2026 में अगली सुनवाई निर्धारित की है।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

हाईकोर्ट ने कंपोजिट बिल्डिंग में लिफ्ट खराब होने और दिव्यांग कर्मियों को हो रही परेशानी पर संज्ञान लिया था। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में आज हुई सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि एफिडेविट को देखने से पता चलता है कि सिविल मेंटेनेंस का काम, जिसमें खराब यूरिनल, वॉश बेसिन, टॉयलेट सीट और यूरिनल वेस्ट पाइप की मरम्मत शामिल है, इस कोर्ट द्वारा पहले दिए गए निर्देशों के अनुसार पूरा हो गया है। पीने के पानी की सप्लाई भी ठीक कर दी गई है।

यह भी पता चलता है कि न्यू कंपोजिट बिल्डिंग के टॉयलेट और दूसरी जगहों पर बिजली का सिस्टम और लाईटिंग का इंतजाम अब ठीक से काम कर रहा है। सभी खराब बल्ब और ट्यूबलाईट बदल दिए गए हैं और उन जगहों पर लाइटिंग



की व्यवस्था की गई है जहां पहले कोई रोशनी नहीं थी। इसके अलावा, एफिडेविट में बताया गया है कि कुल 26 सरकारी ऑफिस न्यू कंपोजिट बिल्डिंग से चल रहे हैं। बिलासपुर में कंपोजिट बिल्डिंग, जिसमें ग्राउंड फ्लोर के अलावा तीन फ्लोर हैं। सभी फ्लोर पर जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता और रखरखाव पक्का करने के लिए, प्रतिवादी ने 25 नवंबर 2025 के ऑर्डर के जरिए फ्लोर-इंचार्ज ऑफिसर नियुक्त किए हैं। इन ऑफिसर को अपने-अपने फ्लोर पर मौजूद डिपार्टमेंट के साथ कोऑर्डिनेट करने और लिफ्ट, जनरेटर मेंटेनेंस, पीने का पानी, टॉयलेट और पूरी सफाई जैसी बेसिक सुविधाओं का सही रखरखाव पक्का करने का काम सौंपा गया है। ऑर्डर में आगे यह भी कहा गया है कि डिपार्टमेंट के हेड जरूरी इंतजाम बनाए रखने के लिए फ्लोर-इंचार्ज ऑफिसर को जरूरी सहयोग देंगे।

जानकार स्टेट काउंसल की बातों पर गौर करने और रिकॉर्ड में मौजूद एफिडेविट को देखने के बाद ऐसा लगता है कि न्यू कंपोजिट बिल्डिंग में सिविल और इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस का काम पूरा हो गया है। बेसिक सुविधाओं का लगातार रखरखाव पक्का करने के लिए फ्लोर-इंचार्ज ऑफिसर नियुक्त कर दिए गए हैं। हमें लगता है कि इसे बनाए रखना सही है। कोर्ट की आगे की निगरानी के लिए , मामले को फरवरी 2026 में निर्धारित किया गया है।

## पूर्व सरपंचों की वित्तीय अनियमितता बकाया राशि की मांगी गई जानकारी

**बिलासपुर।** पंचायत चुनाव को निपटे सालभर होने जा रहा है। इसलिए पूर्व पंचायत पदाधिकारी, सरपंचों द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता एवं बकाया राशि की जानकारी जुटाने में लगी है। इसके लिए पंचायत विभाग की ओर से जिले के बिलासपुर समेत कोटा, बिल्हा, तखतपुर, मस्तूरी सभी एसडीएम को पत्र लिखा गया है। ग्राम पंचायतों में पूर्व पंचायत पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त हो गया है और पंचायत चुनाव हुए सालभर होने जा रहा है। नए पंचायत पदाधिकारियों ने पंचायत की बागडोर संभाल ली है। इसलिए अब पूर्व सरपंचों के कार्यकाल की वित्तीय अनियमितता एवं बकाया राशि की ओर शासन का ध्यान गया है। इस संबंध में संचालनालय पंचायत से कुछ माह पहले एक पत्र भी आया था। इसके बाद पंचायत विभाग द्वारा पूर्व सरपंचों द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता और बकाया राशि की जानकारी जुटाने जिले के बिलासपुर, बिल्हा, तखतपुर, कोटा, मस्तूरी सभी क्षेत्रों के संबंधित एसडीएम को पत्र लिखा गया है। इस पत्र में संचालक पंचायत के पत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि पूर्व पंचायत पदाधिकारियों से वसूली एवं बकाया राशि को अद्यतन करते हुए वसूली की प्रगति चाही गई है। जिले के अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व, एसडीएम से बकाया राशि की वसूली नहीं की गई है। इसलिए बकायादारों से राशि वसूली की संबंध में गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए अनुविभाग में बकाया राशि के आंकड़ों में कोई अंतर है तो उसे अद्यतन कर लिया जाए और बकायादारों से राशि वसूली के संबंध में कार्रवाई किया जाए। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायतों के पास केन्द्र सरकार और राज्य शासन से कई केन्द्रीय व राज्यकीय ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं का फंड आता है। यह फंड ग्राम पंचायत के बैंक खातों में रहता है। कई बार ऐसे मामले देखने में आए हैं जिसमें पंचायत सचिव के साथ मिलीभगत कर सरपंचों द्वारा पंचायत में वित्तीय अनियमितता किया गया। योजनाओं के साथ निर्माण, विकास कार्यों में आर्थिक गड़बड़ी की जाती है और बाद में जांच में मामला सामने आने के बाद पूर्व सरपंचों से बकाया वसूली के लिए मामला चलाया जाता है।

■ पंचायत विभाग ने सभी एसडीएम को भेजा पत्र

## मूलभूत सुविधाओं के अभाव में संचालित हो रहा सब्जी बाजार

**तखतपुर।** नगर प्रवेश द्वार के पास संचालित अस्थाई थोक सब्जी बाजार लगातार अव्यवस्था का शिकार हो रहा है। बिना प्लानिंग और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लगने वाले इस बाजार में हर दिन सैकड़ों सब्जी व्यापारी और खरीददार अव्यवस्थित माहौल में लेनदेन करने को मजबूर हैं।

ताजी हरी सब्जियों के लिए प्रसिद्ध तखतपुर में वर्षों से थोक बाजार को व्यवस्थित करने की जरूरत है, लेकिन अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं बन पाई है। अस्थायी रूप से संचालित यह बाजार सुबह लगते ही भीड़ से भर जाता है, और स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि, मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। व्यापारियों का कहना है कि, बिना सुविधा लगने वाले इस बाजार में न तो पार्किंग की व्यवस्था है, न ही सफाई या सुरक्षा का ध्यान रखा जाता है। अव्यवस्था के बीच न सिर्फ व्यापार करना कठिन हो जाता है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। स्थानीय निवासियों का भी कहना है कि, इस



अव्यवस्थित बाजार की वजह से हर सुबह मुख्य मार्ग बाधित होता है, जिससे स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों को भारी परेशानी होती है। नगर में एक सुव्यवस्थित थोक सब्जी बाजार की आवश्यकता अब बेहद जरूरी हो गई है, ताकि व्यापारी सुरक्षित, सुव्यवस्थित और स्वच्छ वातावरण में व्यापार कर सकें और आम लोगों को भी यातायात समस्या से राहत मिल सके। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि, जल्द से जल्द विकसित और योजनाबद्ध थोक सब्जी बाजार की स्थापना की जाए, जिससे तखतपुर की पहचान और सुविधा दोनों में सुधार हो सके।

■ आए दिन जाम लगने से लोगों को हो रही भारी परेशानी



## संविधान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक अटल

**करगीरोड कोटा।** गोबरीपाट ग्राम में कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लास के साथ संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव शामिल हुए। साथ ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, जनपद अध्यक्ष सूरज साधे लाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूरे गांव का उत्साह देखने को मिला। समारोह के दौरान विधायक अटल श्रीवास्तव ने अंबेडकर प्रतिमा में छावनी सीढ़ी निर्माण एवं अंबेडकर सांस्कृतिक मंच के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा की, जिससे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच प्रकाश मरकाम, जनपद सदस्य रवि जगत, सतनामी समाज ब्लॉक अध्यक्ष साधे भारद्वाज, जिपं सदस्य रजनी पिंटू मरकाम, जय कुमारी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, वरिष्ठ भाजपा नेता रामलाल साहू, आदिवासी नेता विपत जगत, सरपंच संतोषी मरकाम, खैरक्षिटी सरपंच परमेश्वर मिरी, मंडल अध्यक्ष भगवान दास मानिकपुरी, चंद्रिका देवी बंजारे, मनोहर ध्रुव, प्रकाश बंजारे, जय कुर्रे, कार्यक्रम संयोजक दिनेश बंजारे, रज्जू मिरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एसआईआर पर साझा की महत्वपूर्ण जानकारी

**मुंगेली।** विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर मतदाताओं में कई प्रकार की शंकाएं सामने आ रही हैं। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए आवश्यक स्पष्टीकरण जारी करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है।

यदि किसी मतदाता को गणना पत्रक प्राप्त नहीं हुआ है, तो वह अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर इसे प्राप्त कर सकता है। बीएलओ का मोबाइल नंबर निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मतदाता भारत निर्वाचन आयोग या छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग की वेबसाइट में अपना ईपिक नंबर अथवा मोबाइल नंबर दर्ज कर नाम खोज सकते हैं। संबंधित बीएलओ के पास भी सूची उपलब्ध रहती है। 2003 की सूची केवल वेरिफिकेशन हेतु है। इसलिए 2003 की सूची में जैसा नाम अंकित है, वैसा ही गणना पत्रक में लिखें। स्वयं का नाम 2025 की सूची में हो तथा रिश्तेदार का नाम 2003 की सूची में न हो तो चिंता न करें। वर्तमान सूची में नाम



मतदाता पुनरीक्षण कार्य की जानकारी लेते जनपद सीईओ।

होने पर नाम नहीं कटेगा। केवल दावा-आपत्ति की प्रक्रिया के दौरान दस्तावेज प्रस्तुत कर सत्यापन कराना होगा। मतदाता को अपने स्थायी निवास का चयन करना होगा। जिस स्थान पर मतदाता रहना चाहता है केवल उसी जगह का फॉर्म भरे, दूसरी जगह का नाम स्वतः कट जाएगा। एकाधिक स्थानों पर मतदाता के रूप में पंजीकरण निर्वाचन अधिनियम 2025 के तहत दंडनीय अपराध है। इसके लिए कारावास और जुर्माना दोनों का प्रावधान है। यदि मतदाता उपलब्ध है तो हस्ताक्षर अवश्य करें। अनुपस्थिति की स्थिति में निकट संबंधी भी हस्ताक्षर कर सकते हैं। ऐसी महिलाओं को मायके में ही गणना पत्रक प्राप्त होगा। मायके की सूची में नाम बनाए रखने हेतु परिवारजन फॉर्म भरकर बीएलओ को दे सकते हैं। यदि ससुराल में नाम जोड़ना है तो मायके का फॉर्म न भरें। बाद में बीएलओ के माध्यम से फॉर्म–6 जमा कर नाम जुड़वाया जा सकता है। यह प्रक्रिया 4 दिसंबर के बाद भी संभव है।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ का कार्यालय घेराव स्थगित

**लोरमी।** आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत कार्यरत आकस्मिक निधि भृत्यों की लंबित वेतनमान भुगतान के संबध में विभागीय कर्मचारियों ने मंगलवार 25 नवम्बर को सहायक आयुक्त कार्यालय घेराव करने का नोटिस दिया था।

घेराव के एक दिन पहले विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों की बीच सकारात्मक चर्चा हुई, जिसमें 25 नवम्बर को होने वाले घेराव को बैठक में तब्दील करने पर सहमति बनी। छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा मुंगेली के बेनर तले जनपद पंचायत सभा कक्ष मुंगेली में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मुंगेली, संघ के प्रांताध्यक्ष विंदेश्वर राम रौतिया, मुंगेली जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, प्रांतीय उपाध्यक्ष बिष्णु यादव, रविशंकर गुप्ता सहित जिला पदाधिकारी एवं विभागीय कर्मचारी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित हुए। संघ के प्रांत अध्यक्ष ने कर्मचारियों की ओर से अपनी बात रखते हुए आकस्मिक निधि में समायोजन किए गए कर्मचारियों की हाईकोर्ट प्रकरण में शीघ्र जवाब प्रस्तुत किया जाने, श्रम सम्मान राशि प्रदाय करने, माह के प्रथम सप्ताह में वेतन भुगतान सुनिश्चित करने, तृतीय समयमान वेतनमान प्रदान करने की मांग रखी। सहायक आयुक्त द्वारा आकस्मिक निधि के कर्मचारियों की प्रकरण में दो दिवस में हाईकोर्ट में जवाब प्रस्तुत करने की बात कही, जिस सहमति भी बनी। साथ ही अन्य मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में परमेश्वर पटेल रायगढ़, कमल सारथी रायगढ़, अजय, रतिराम साहू, नरोत्तम यादव, सरवन साहू, मोहन यादव, सोनू पटेल, नवल प्रजापति, विरेन्द्र राजपूत, कामता जायसवाल, प्रदीप मरावी, सहदेव यादव, धनंजय ठाकुर, लालू गोस्वामी, अमित यादव, नत्थू साहू, संतोष बंजारे, लक्ष्मण सिंह मरावी, प्रहलाद यादव, छैलन रात्रे, चैतन्य तिवारी आदि मौजूद थे।

■ दो दिवस में मांगों को पूर्ण करने का दिया गया आश्वासन

## उषा देवी कॉलेज रासेयो ईकाई का विशेष शिविर प्रारंभ

**बिलासपुर।** उषा देवी मेमोरियल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 'नशा मुक्त समाज के लिए युवा' थीम पर आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शासकीय माध्यमिक शाला परसदा में हुआ। शिविर का उद्घाटन नुक्कड़ नाटक में प्रस्तुति देकर छात्रों को जागरूक कर किया गया।

शिविरार्थियों ने शिविर स्थल की साफ-सफाई के साथ पहले दिन की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सभापति अरुण सिंह चौहान ने लोगों को नशे से दूर रहने के संबंध में जानकारी प्रदान की। सरपंच जगत राम साहू ने छात्राओं को करियर संबंधी मार्गदर्शन दिए। उपसरपंच सुनील यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना से व्यक्तित्व विकास एवं समाज सेवा की जानकारी दी। इस मौके पर नशामुक्ति अभियान से संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत



करते हुए ग्रामवासियों को नशामुक्त समाज बनाने के लिए प्रेरित किया गया। उद्बोधन की कड़ी में जगत राम साहू ने रासेयो के स्वयंसेवकों को करियर एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित जानकारी दी। सभापति ने रासेयो की गतिविधियों की जानकारी देते हुए अनुशासन एवं एकाग्रता से कार्य कर अपने व्यक्तित्व विकास करने के लिए प्रेरित किया। महामंत्री मोहन पाटले ने कहा कि, विकासशील भारत को प्रगति के पथ पर अग्रसर करते हुए विकसित भारत अभियान चलाया जाना है। इसी उद्देश्य से कैंप आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य डॉ सुलक्षणा वासनिक ने कहा कि, समाज को नशामुक्त करते हुए भारत को विकसित बनाने के लिए विकसित भारत अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना ताम्रकार एवं आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक देवकुमार ने किया।

## वैदिक कॉलेज रोसेयो इकाई का सात दिवसीय शिविर

**सीपत।** वैदिक महाविद्यालय सीपत की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से ग्राम मंजूरपहरी में 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया।

इस मौको पर सरपंच उषा देवी मरावी, सरपंच प्रतिनिधि मिलन सिंह मरावी, उपसरपंच, पंच, शिक्षक पारकर सहित गांव के नागरिक उपस्थित रहे। शिविर के दूसरे दिन सुबह शिविरार्थी छात्रों ने प्रभात फेरी निकाल कर ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान रासेयो अधिकारी रामेश्वर साहू, सहायक रासेयो अधिकारी आकांक्षा भारती एवं सहायक प्राध्यापक रविशंकर यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों से संवाद कर उनकी सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी एकत्र की गई। संविधान दिवस के अवसर पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों को स्मरण करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों, हाईस्कूल, मिडिल, प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली। सरपंच प्रतिनिधि मिलन सिंह मरावी ने कहा कि, एनएसएस शिविर युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी व राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करता है। संस्था सचिव अशोक श्रीवास ने कहा कि, वैदिक महाविद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व भी सिखाना है। यह शिविर ग्रामीण विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता और नैतिक मूल्यों के प्रचार का सशक्त माध्यम है। रासेयो अधिकारी रामेश्वर साहू ने कहा कि, एनएसएस का मुख्य उद्देश्य छात्रों को समाज सेवा से जोड़कर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है। ग्राम स्तर पर शिविर लगाकर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और शैक्षणिक चेतना को बढ़ावा देना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। रात्रिकालीन कार्यक्रम में शिविरार्थियों ने देशभक्ति गीत, नाटक, नृत्य एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दी, जिनका ग्रामीणों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव अशोक श्रीवास ने किया।



संविधान की शपथ लेते एनएसएस के विद्यार्थी।



## जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला

**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

साथ ही महाविद्यालय में संविधान दिवस भी मनाया गया। प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया। उन्होंने अपने उद्बोधन में जनजाति समाज की विविध संस्कृति एवं योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आए धनेश्वर नेताम एवं राहुल जगत ने स्वतंत्रता आंदोलन में जनजाति नायकों के योगदान एवं आहुति का स्मरण कराया। कार्यक्रम का संचालन इन्दु कौशल एवं आभार प्रदर्शन अंजित नेतां ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ एसके पांड़े, डॉ मीना शर्मा, डॉ सीमा मनीषा नाथ, डॉ राजीव शर्मा, डॉ पार्वती पटेल, डॉ अनीता बरगाह, शिवप्रसाद, प्राची गुप्ता, हदेश कौशिक, अंकुर शुक्ला, डॉ नावेद सिद्दीकी, डॉ ज्योति गोस्वामी, संजय देवांगन, दुर्गा गुप्ता, जसमीत कौर तृतीय वर्ग कर्मचारी जयकुमार निषाद, रंजीता टिकले, शुभम जांगड़े सहित अन्य उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक /क/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक : 17/11/2025
ग्राम जूनाबिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36, तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 763/ 2ख, 763/2/अ रकबा 0.30, 0.30 एकड़ भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदक सत्य प्रकाश चतुर्वेदी पिता स्व. जी.एस.चतुर्वेदी निवासी व्यापार विहार तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।
यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 05/12/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
आज दिनांक 17/11/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्रीमति सुनीता गुप्ता, पति सुनील कुमार गुप्ता के द्वारा मुख्यतियार खास श्री अरविंद बोलर उम्र लगभग 52 वर्ष पिता स्व. कन्हैया लाल बोलर निवासी मनोहर टॉकीज ज्वाली पुल के पास जुना बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर छ.ग.
भूमि मौज तोरवा मोहल्ला हेमु नगर प.ह.न.22/34 तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित है जिसका खसरा नं. 1361/6, 1362/7, 1386/5, 1372/17, जिसका एरिया 2065 वर्गफुट है जिसकी चौहदी उत्तर में अरूण सिंह चौहान की भूमि पूर्व में आनन्द अग्रवाल की भूमि पश्चिम एवं दक्षिण में निस्तारी रास्ता की भूमि को खरीदने का पक्का सौदा अंजू राठौर उम्र लगभग 45 पति श्री सुरेश कुमार राठौर निवासी डिपुपारा तारबहार तह. व जिला बिलासपुर भूमि को खरीदने का पक्का सौदा 28,50,000 /- रू में पक्का सौदा तय हुआ है बयान के रूप में 2,80,000/ दिया गया है शेष रकम रजिस्ट्री के समय दिया जायेगा निकट भविष्य में उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन किया जाना है उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति संस्था बैंक शासकीय / अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को कोई आपति हो तो आम सूचना के प्रकाशन सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में समस्त दस्तावेज सहित उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अतः इसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।
सो सूचना जाने दिनांक 27.11.25 स्थान बिलासपुर
भवदीय
अम्बरीष कुमार उपाध्याय (अधिवक्ता)
कार्यालय/निवास जगदम्बा कॉलोनी आर. के पेट्रोल पंप के पीछे अशोक नगर सीपत रोड़ बिलासपुर छ.ग. मो.9981442132

**आम सूचना**
यह सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म JKM FUELS, पंजीकृत कार्यालय NH-19, SURVEY NO. 192/9, 286/5, 286/7 एवं 286/4, ग्राम – सेनवार, तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) 495224 को संशोधित कर दिनांक 17/10/2025 से निम्न नए पते पर स्थानांतरित कर दिया गया है।
नया पता NH-49, सर्वे नंबर 192/17, 192/18, 286/10, 286/7 एवं 286/4, ग्राम सेनवार, तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17/10/2025 से हमारी फर्म के सभी आधिकारिक पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यकलाप अब उपर्युक्त नए पते NH-49, सर्वे नंबर 192/17, 192/18, 286/10, 286/7 एवं 286/4, ग्राम-सेनवार, तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) से संचालित किए जाएंगे।
अतः उपरोक्त संशोधन बाबत सर्वसाधारण को यह आम सूचना प्रकाशित की जा रही है।
वास्ते,
**JKM FUELS**
**साझेदार :- IRSHAD AHMAD**
**पता :- NH-49, सर्वे नंबर 192/17, 192/18, 286/10, 286/7 एवं 286/4, ग्राम सेनवार, तहसील - बोदरी, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय रा.नि.मं. बोदरी, तहसील बोदरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना पत्र**
**सीमांकन/ मौका जांच समय उपस्थित होने बाबत**
प्रति,
(1) गोपाल विजय वर्गी (2) श्याम अग्रवाल (3) सरजू श्रीवास (4) दुर्गेश कौशिक (5) चंद्र ज्योति पाण्डेय (6) अन्य सरहदी भूमिस्वामी (7) ग्राम कोटवार।
**विषय:** सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।
**संदर्भ:** भवदीय न्याया.तह.के ज्ञा.क्र./वा-1/ तह. /2025 बोदरी दिनांक 15/10/25
उक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/ आवेदिका गोपाल विजय वर्गी पिता/ पति साहूराम निवासी तालापारा बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी मन.05 प.ह.नं.01 रा.नि.मं. व तहसील बोदरी स्थित भूमि ख.नं.33/1 रकबा 0.134 भूमि के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन हेतु छ.ग.रा. भू.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। धारणाधिकार परिवर्तित दर्ज करने हेतु प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।
संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 03/12/2025 को 12.00 बजे दोपहर को किया जाना है। अतः आप उक्त भूमि से संबंधित अपने समस्त दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहें।
**टीपः-**1.उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है। 2. आवेदक जरीब/टेप पकड़ने एवं चूना मार्किंग हेतु 2-3 मजदूर की व्यवस्था स्वयं करें।
**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. बोदरी, तहसील-बोदरी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्र./Q/तह./वा./2025 बिलासपुर, दिनांक 24/11/2025
ग्राम कुदुदुण्ड
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम कुदुदण्ड प.ह.नं.34 रा.नि.मं. बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका हेमंती यादव पिता /पति स्व.राजकुमार निवासी ग्रामवार्ड 19, अयोध्या नगर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा जन्म/मृतक /मृतिका कुलदीप यादव की जन्म /मृत्यु दिनांक 03/05/1988 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 12/12/25 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 24/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**बिलासपुर छ.ग.**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्र./Q/तह./वा./2025 बिलासपुर, दिनांक 25/11/2025
ग्राम–कुदुदुण्ड
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम कुदुदण्ड प.ह.नं.34 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका संतोष कौशिक पिता /पति स्व. बंशीलाल कौशिक निवासी ग्राम नेहरू नगर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा जन्म/मृतक /मृतिका काजल कौशिक की जन्म /मृत्यु दिनांक 07/09/1996 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 12/12/25 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 25/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**बिलासपुर छ.ग.**

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसायटी के नए भवन का किया लोकार्पण



**बिलासपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के सीएमएचओ कार्यालय परिसर में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण आज कलेक्टर एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष संजय अग्रवाल द्वारा किया गया। इस भवन से रेडक्रॉस के कार्यों को और अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित और सुगमता से किया जा सकेगा। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने रेडक्रॉस द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने रेडक्रॉस द्वारा अब तक किए गए सामाजिक, स्वास्थ्य एवं आपदा राहत कार्यों की सराहना की। रेडक्रॉस सोसायटी सदैव मानवीय सेवाओं की अग्रिम पंक्ति में रही है। रेडक्रॉस ने रक्तदान, प्राथमिक उपचार, मेडिकल सहायता से लेकर जरूरतमंदों की हर संभव सहायता की है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इन सेवाओं को और अधिक विस्तार दिया जाएगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष व रेडक्रॉस जिला शाखा के चेयरमेन डॉ. बी. एल. गोयल ने नवनिर्मित भवन के लोकार्पण को संस्था के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते की। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि एवं रेडक्रॉस सचिव सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल ने कहा कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस की सेवाओं में निरंतर प्रगति हो रही है। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष रेडक्रॉस अमरजीत सिंह दुआ, सदस्य प्रबंध समिति सुरेंद्र गुम्बर, नोडल अधिकारी रेडक्रॉस डॉ. एम. ए. जीवानी, डॉ. गायत्री बांधी, डॉ. नीता श्रीवास्तव, डॉ. रमन जोगी, सौरभ सक्सेना, सुश्री पीयुली मजुमदार, डॉ. गोपेन्द्र दीक्षित आदि मौजूद थे।

### अनन्य ने डॉ शर्मा की कृति डॉ.तोगड़िया को भेंट की



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया बुधवार को बिलासपुर प्रवास पर थे। इस दौरान उन्हें अनन्य शर्मा ने डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा कृत मां महामाया, दिव्य ज्योति धाम रतनपुर भेंट की। अनन्य डॉ. पालेश्वर शर्मा के प्रपौत्र हैं।

### अघोर पीठ आश्रम बांसाझाल चपोरा में महानिर्वाण दिवस कल

**बिलासपुर।** अघोर पीठ आश्रम बाँसाझाल चपोरा में अघोरेश्वर महाप्रभु भगवान राम का 34 महानिर्वाण दिवस शनिवार 29 नवम्बर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर आश्रम स्थल में श्रमदान पश्चात पवित्र ग्रंथ सफ़ल योनि का पाठ, अघोरेश्वर महाप्रभु के चित्र का पूजन होगा। तत्पश्चात हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह जानकारी विनोद तम्बोली ने दी।

### प्राथमिक शाला धौराभाटा में बच्चों को स्वेटर, बेग का वितरण



**बिलासपुर।** बिल्हा विकासखंड के प्राथमिक शाला धौराभाटा में आज बच्चों को स्वेटर,स्कूल बेग और टाई बेल्ट का निःशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने सुमधुर वंदना प्रस्तुत की। संस्था की प्रधान पाठिका प्रतिभा अवस्थी ने बताया कि दो वर्ष पूर्व रायपुर के उद्योगपति दिनेश साहू द्वारा विद्यालय को फ़र्नीचर,ग्रीन बोर्ड सभी बच्चों को स्वेटर,जूता,मोंजा,टाई बेल्ट प्रदान किया गया था। उन्होंने स्वयं इस वर्ष भी विद्यालय एवं बच्चों की आवश्यकता के बारे में पूछा। जिन्हें अवगत कराया गया कि विद्यालय के कुल दर्ज 206 बच्चों में से 80 बच्चों के पास स्वेटर उपलब्ध नहीं है। साथ ही बच्चों के पास स्कूल बैग की भी कमी है। उन्होंने तत्काल विद्यालय को आवश्यक स्वेटर, टाई बेल्ट तथा सभी बच्चों के लिए स्कूल बैग उपलब्ध कराते हुए बच्चों की सुखद भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच जीवन यादव, उपसरपंच दिवाकर, ओम पांडेय, संकुल प्राचार्य अजय नाथ, डॉ मुकेश पांडे एवं डॉ अखिलेश, विकास खंड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र कौशिक उपस्थित रहे। सरपंच जीवन यादव ने प्राथमिक शाला धौराभाटा को अतिशीघ्र स्मार्ट टीवी प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन विद्या नायर तथा आभार प्रदर्शन सुमित्रा मिंज ने किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजना बखला, शशि देवी, सुप्रिया डबली एवं लेखा चौधरी का विशेष योगदान रहा।

**सरकंडा से अलग कोनी में नया जोन बनाने का प्रस्ताव** | **अशोक नगर जोन पर 10 हजार से अधिक उपभोक्ता का अतिरिक्त भार**

# 21 हजार से ज्यादा बिजली उपभोक्ता, जोन का भेजा प्रस्ताव, फाइल अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा क्षेत्र में उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ती जा रही है,अशोक नगर जोन में 21 हजार से अधिक उपभोक्ता हैं, इन उपभोक्ताओं तक निर्बाध बिजली पहुंचाने बिजली विभाग को खासी मशक्कत करनी पड़ती है। ऐसे में बिजली विभाग ने नए जोन का प्रस्ताव 6 माह पहले भेजा है, लेकिन अब तक स्वीकृति नहीं मिल सकी है।

विद्युत विभाग सरकंडा क्षेत्र में नया जोन स्थापित किया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है, जिसकी स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है। अशोक नगर से अलग कोनी में जोन कार्यालय बनाया जाएगा, जिसमें 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को शामिल कर जोन कार्यालय पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जाएगा। खास बात यह है कि इन 10 हजार उपभोक्ताओं के द्वारा 29 लाख 50 हजार यूनिट बिजली खर्च की होगी। दरअसल कोनी क्षेत्र में पिछले 5 सालों में रहवासियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जहां सरकंडा इलाके में स्थाई घनी बस्ती है, वहीं कोनी में नई कालोनियों के बनने से विद्युत दबाव में इजाफा होने लगा है। कोनी, बड़ी कोनी, सरकंडा, बहतराई तक के इलाकों में फ्यूज कॉल, मरम्मत के लिए कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, स्टाफ की कमी के चलते मरम्मत और रखरखाव का काम भी लंबित रहता है, जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ता है। ऐसे में नए जोन की मांग जायज है।



#### आंकड़ों से समझें हकीकत

| वर्तमान | सरंकडा जोन | प्रस्तावित कोनी जोन |
|---|---|---|
| कुल उपभोक्ता | 21043 | 10080 |
| क्षेत्र | 38 वर्गकिमी | 24 वर्ग किमी |
| सबस्टेशन | 6 | 3 |
| 11 केवी फीडर | 22 | 11 |
| ट्रांसफार्मर | 423 | 266 |
| 33केवी लाइन | 49.84 किमी | 25.5 किमी |
| 11 केवी लाइन | 78.41 किमी | 41.2 किमी |
| एलटी लाइन | 198.21 किमी | 112.5 किमी |

#### उपभोक्ताओं को यह होगा फायदा

नए जोन बनने के बाद कोनी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 3 किमी दूर अशोक नगर जोन कार्यालय पहुंचकर बिजली बिल सुधारवाने व बंद की सूचना देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही जोन कार्यालय में नए फ्यूज कॉल खोला जाएगा, जिससे मरम्मत और निर्माण कार्य प्रमुखता से हो सकेंगे। जोन की स्वीकृति के साथ ही नए स्टाफ की भर्ती करने से उपभोक्ताओं के शिकायतों का निराकरण हो सकेगा।

#### उपभोक्ताओं को होगा फायदा

कोनी क्षेत्र में जोन स्थापित करने की मांग कई सालों से की जा रही है, हमने इसे लेकर एक प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेज दिया है। वर्तमान में स्वीकृति नहीं मिली है, लेकिन उम्मीद है कि नव वर्ष तक स्वीकृति प्राप्त होगी। जोन बनने के बाद निश्चित ही उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

**-भरत भूषण नेताम,**
ईई,विद्युत विभाग

**गौरव पथ 60 मीटर खराब सड़कों को उखाड़ा गया**

# सड़क मरम्मत में खर्च होंगे 84 लाख रुपए कुछ सड़कों का किया गया डामरीकरण



जूना बिलासपुर की जर्जर सड़क पर चलना हुआ मुहाल, डामरीकरण का इंतजार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बरसात में खराब हुई सड़कों का मरम्मत कार्य शहर में चालू हो गया है। नगर निगम ने सड़कों के मरम्मत कार्य के लिए 84 लाख रुपए का प्रावधान किया है। कुछ जगहों पर सड़कों पर डामरीकरण का काम भी हो गया है, वहीं गौरव पथ में लगभग 60 मीटर खराब सड़क को उखाड़कर फिर से बनाया जा रहा है।

नगर निगम ने खराब सड़कों के मरम्मत कार्य के लिए टेंडर कर दिया है और टेंडर के बाद शहर के सड़कों का मरम्मत कार्य भी चालू हो गया है। नेहरू चौक से महाराणाप्रताप चौक और नेहरू चौक से इंदिरा सेतु तक की सड़क का डामरीकरण कराया गया है। नेहरू चौक से इंदिरा सेतु के बीच सड़क काफी खराब हो गई थी और

- **शहर में सड़क मरम्मत का काम चालू**

बरसात के दिनों में सड़कों में कई जगह पर गड्ढे हो गए थे, जिनकी मरम्मत कराई गई है। पुराना बस स्टैंड चौक के पास एवं करबला रोड में भी सड़क मरम्मत कराई गई है। सड़क निर्माण में गड़बड़ी को लेकर काफी चर्चित रहे गौरव पथ सड़क जगह-जगह धंस गई थी और बरसात में कई जगह सड़क खराब हो गई थी, इसलिए गौरव पथ पर मंगला चौक की तरफ से लगभग 60 मीटर खराब सड़क को उखाड़ा गया है। गौरव पथ सीसी रोड निर्माण कराया गया था, जिसमें बाद में डामरीकरण कराया गया था, जिसे उखाड़कर बनाया जा रहा है। बरसात के बाद के निगम की जो सड़क खराब हुई है उसका सर्वे करा लिया गया है और निगम के पास खराब सड़कों की जानकारी भी आ गई है। इसमें कई सड़कें तो पीडब्लूडी की है, पीडब्लूडी इन सड़कों की मरम्मत करा रहा है।

#### इन जगहों की सड़कें भी खराब

बरसात में सड़क खराब होना आम बात होती है, क्योंकि पहले की तरह अब मजबूत और टिकाऊ सड़क ही नहीं बनती है। सड़कों पर डामर के नाम पर केवल पोताई की जाती है, जिससे बरसात में लगातार कुछ दिनों तक बारिश होने पर सड़क का डामर छोड़ देता है और सड़क उधड़ने लगती है उसमें से गिट्टी निकलने लगती है। इस बार भी बरसात में शहर की सड़कें खस्ताहाल हो गई है। जूना बिलासपुर क्षेत्र में हटरी चौक से गांधी चौक तक मुख्य सड़क बरसात में पूरी तरह से उधड़ गई है और सड़क में जगह-जगह गढ्ढा हो गया है। लोगों का इस सड़क से गुजरना दूभर हो गया है। पिछले दिनों इस सड़क को लेकर आसपास के नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन भी किया था। इसी तरह इंदिरा सेतु से कुदुदण्ड की ओर जाने वाली सड़क इस बरसात में खराब हो गई। सड़क में जगह-जगह गढ्ढे नजर आने लगे हैं। लिंकरोड शहर का व्यस्तम मार्ग है, जिसमें कई जगहों पर सड़क में गढ्ढे हो गए हैं। सीएमडी कालेज चौक पास, पीजीबीटी कालेज से शिव टाकिज चौक के पास की सड़क खराब हो गई है। दयालबंद, अशोकनगर, मध्यनगरी चौक, सरकंडा क्षेत्र की सड़कें भी बरसात में खराब हुई हैं।

#### कराई जा रही है मरम्मत

शहर की जो मुख्य सड़क बरसात में खराब हुई है उनमें से कई सड़क पीडब्लूडी की है और पीडब्लूडी ने भी सड़क मरम्मत के लिए टेंडर किया है। इसके अलावा नगर निगम द्वारा सड़कों का मरम्मत कार्य चालू करा दिया गया है। निगम क्षेत्र की सड़कों के मरम्मत के लिए 84 लाख राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें जो ज्यादा खराब सड़कें हैं उनको पहले बनवाना है।

**-राजकुमार मिश्रा**
सीई, नगर निगम

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार का प्रांतीय सम्मेलन 30 को



**बिलासपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारियों का प्रांतीय प्रतिनिधी सम्मेलन 30 नवंबर रविवार को अनुभव भवन ज्येष्ठ नागरिक संघ कार्यालय ब्रहस्पति बाज़ार में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा।

कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने बताया कि सुबह 9 बजे जय स्तम्भ शनिचरी बाज़ार में श्रद्धांजलि अर्पित कर जय स्तम्भ से अनुभव भवन तक शहीद सम्मान पद यात्रा निकाली जाएगी। प्रातः 10 राष्ट्रीय ध्वज वंदन किया जाएगा। प्रतिनिधियों का पंजीयन उपरांत 10. 30 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रांतीय सम्मेलन, प्रस्ताव,प्रबोधन विचार मंथन होगा। नगर में नव निर्मित सेनानी पट्टिका एवं वन्दे मातरम गार्डन बनवाने वाले विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल का सम्मान होगा। दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक राष्ट्रीय महामंत्री जितेंद्र रघुवंशी का अंतिम प्रबोधन होगा। अतिथि सम्मान व नगर के सभी सेनानी परिवार के उत्तराधिकारियों को सेनानी गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी और विशिष्ट अतिथि संगठन मंत्री कपूर सिंह दलाल (गुरुग्राम, हरियाणा)डॉ राजा भइया मिश्रा, अरुण प्रताप सिंह (मध्यप्रदेश) रहेंगें कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल करेंगें। प्रमुख वक्ता गणेश शंकर मिश्रा, आचार्य नरेंद्र नाथ मिश्रा,प्रो.के के अग्रवाल का प्रबोधन होगा । सम्मेलन की तैय्यारी करने समिति में डॉ शकुंतला जितपुरे, ई रमेंद्रराव, इंदर टहलियानी, सोनम मनीष साहू, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी , अनिल तिवारी,रमेश श्रीवास,महेंद्र टण्डन, दिव्य प्रकाश दुबे,राहुल दुबे, सोनम मनीष साहू, अशोक बाजपेयी. प्रामी प्रताप सिंह, अखिलेश बाजपेयी, श्वेता पांडेय, डॉ रश्मि जितपुरे. इंदर टहलियानी. डॉ नितिन टहलियानी, सुरेश कलवानी, रोचना तिलक, डॉ उषा किरण बाजपेयी, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी,डॉ किरण बाजपेयी,जग्गू निर्मलकर को जिम्मेदारी दी गई है।

- **विधायक अमर सहित सेनानी परिवार होंगे सम्मानित**

## सप्तशती वैभव लक्ष्मी का हवन पूजन आज

**बिलासपुर।** श्री सप्तशती वैभव लक्ष्मी का जप 6 महीनों से हर शुक्रवार को श्री साई कृपा हॉस्पिटल सरजू बगीचा रोड तेलीपारा में चल रहा है। इसके आयोजक ने बताया कि सभी साधक एक साथ माता का आहवान करते हैं। इसके बाद माता का श्रृंगार होता है फिर एक साथ सामूहिक जप 701 मंत्रों का होता है। अंत में आरती होती है, समापन पर खीर का भोग लगाया जाता है।

माता को कमल्हास्ता भी कहा जाता है, वह कमल के आसन पर विराजमान होती है। उनके हाथों में कमल सुशोभित होती है। माता का जप सभी साधक कमलगट्टे की माला से कर रहे हैं। माता के हवन का आयोजन 28 नवम्बर शुक्रवार को शाम 4 बजे किया जाएगा। यह पूर्णतः निशुल्क है, कोई जटिल नियम है मां लक्ष्मी जिनकी कृपा के बिना यज्ञ हवन नहीं होता। खानपान का वैभव नहीं होता, सुख सुविधाओं से संपन्न जीवन संभव नहीं होता। उस मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए महालक्ष्मी हवन करना होता है। साथ मिलकर यह मंत्र आध्यात्मिक विकास, मानसिक स्पष्टता, भौतिक समृद्धि और चुंबकत्व के लिए एक संपूर्ण आह्वान बन जाता है। नियमित जप मन को शुद्ध करने, आंतरिक ऊर्जाओं को जीवन में दैवीय और सांसारिक दोनों प्रकार के आशीर्वाद प्राप्त करने में मदद करता है। महालक्ष्मी हवन करने से मां लक्ष्मी की कृपा मिलती है। आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिलता है। मां लक्ष्मी एक वैष्णवी शक्ति है जिनकी कृपा के अभाव से जीवन में सभी शक्तियों का अभाव हो जाता है। महालक्ष्मी का हवन पूजा करने से सभी दुख दर्द दूर होते हैं और जीवन सुखमय होता है। श्री लक्ष्मी हवन के लाभसमृद्धि और धनः यह अनुष्ठान भौतिक संपदा और वित्तीय स्थिरता के लिए किया जाता है।

यह अनुष्ठान आध्यात्मिक विकास और समग्र कल्याण में सहायता करता है इससे जीवन की बाधाओं को दूर करने में मदद मिलती है। यह संतान सुख के लिए भी किया जाता है, जिसे संतान लक्ष्मी का आशीर्वाद माना जाता है।



## स्वराज सेना ने किया पैदल मार्च, सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** छतीसगढ़ स्वराज सेना के प्रथम स्थापना दिवस और संविधान दिवस पर छतीसगढ़ स्वराज सेना के संस्थापक और राष्ट्रीय संयोजक संजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में नेहरू चौक से कलेक्ट्रेट तक पद यात्रा निकाली गई। इस दौरान पांच सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा गया। इसमें संविधान में मिले मछुआरा समाज के एसटी आरक्षण को छग में पुनः बहाल करें।

प्रदेश में स्थित ताल एवं तलाबों में बने समितिओ को मछुवारा समाज को अधिक से अधिक भागीदारी मिले । प्राइवेट कंपनियों में भी छत्तीसगढ़ के लोगों की न्यूनतम भागीदारी निश्चित प्रतिशत में तय की जाए। छतीसगढ़ में नए श्रम कानून लागू करे । जिससे श्रमिको को अधिक से अधिक लाभ मिल सकें । प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को राज्य एवं केंद्र से मिलने वाले आर्थिक सहयोग एवं योजनाओं का सीधा लाभ मिले, ऐसा सिंगल विंडो जिला मुख्यालय में बनाया जाए। तत्पश्चात पुलिस ग्राउंड के पास डॉ भीमराव अम्बेडकर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में संजय सिंह राजपूत, सूरज निषाद, राजकुमार निषाद, राम सागर निषाद, कुंज राम निषाद, तिरुपति निषाद जांजगीर चांपा, घनश्याम पटेल, कृति निषाद, इंद्राणी निषाद, प्रतिमा निषाद, रानी पाटले, जानकी बाई निषाद, बजहारीन बाई, अंजोरा, कांति भरद्वाज, शिव बाई, जमुना बाई, कातिका बाई निषाद, सुमन निषाद, तेज बहादूर आदि मौजूद थे।



**लालखदान रेल हादसाः सीआरएस की जांच और पूछताछ का अंतिम था बयान**

# सीआरएस ने दर्ज किया महिला एएलपी रश्मि का बयान, कर्मचारियों से भी पूछा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लालखदान रेल हादसे की जांच करने के लिए रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा रेलवे स्टेशन से सीधे केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय पहुंचे, जहां हास्पिटल के केबिन नम्बर तीन में महिला असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज का अकेले में अंतिम बयान लिया। इसके बाद डीआरएम आफिस पहुंचकर उन्होंने दोबारा सभी को बुलाकर रात तक पूछताछ की।

बिलासपुर रेल मंडल के गतौरा से बिलासपुर के बीच चार नम्बर को हुए मालगाड़ी और कोरबा-बिलासपुर लोकल मेमू रेल हादसे में मृतकों और घायलों को रेल मंत्रालय की ओर से 10 लाख और पांच लाख रुपए की मुआवजा राशि दी जा चुकी है। वहीं घायलों के उपचार का पूरा खर्च भी रेलवे ने उठाया है। इस हादसे की जांच करने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन दक्षिण पूर्व सर्किल कोलकाता के रेल सुरक्षा आयुक्त बीके मिश्रा ने 5 से 7 नवम्बर के बीच घटना स्थल का निरीक्षण करने के उपरांत मामले से जुड़े विभाग मैकेनिकल, इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग ओपी, एसएंडटी, आपरेटिंग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित करीब 30 से पूछताछ की। इस दौरान घटना के संबध में जानकारी के लिए दस्तावेजों को भी चेक किया। पूछताछ और घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद रेल सेफ्टी कमिश्नर श्री मिश्रा वापस कोलकाता के लिए रवाना हो गए थे। इस जांच में मुख्य रूप से मालगाड़ी की असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज का बयान नहीं हो सका था। इसका कारण था कि जिस मेमू की टक्कर मालगाड़ी से हुई थी, उस ट्रेन में इंजन के चालक की मौत घटना स्थल पर हो गई थी। वहीं चालक के साथ असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज भी मौजूद थीं, जिसे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पहले अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। अपोलो हास्पिटल के बाद एएलपी रश्मि राज को केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय के वीआईपी केबिन नम्बर तीन में रिफर कर दिया गया, जहां उनका उपचार अभी भी चल रहा है। सीआरएस के बयान में महिला असिस्टेंट लोको पायलट अंतिम कड़ी थी।





रश्मि राज।

#### रात तक चला पूछताछ का दौर

रेलवे हास्पिटल में उपचार करा रही महिला असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज से रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा ने क्या पूछताछ की और महिला ने घटना के संबंध में क्या बताया, यह अब तक किसी के पास जानकारी नहीं है। अफसरों का कहना है कि बयान की जानकारी सीआरएस अपनी रिपोर्ट में देंगे। करीब दो घंटे तक हास्पिटल में महिला एएलपी से पूछताछ करने के बाद सीआरएस श्री मिश्रा एक बार फिर मंडल कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने रात तक सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को दोबारा पूछताछ करने के लिए बुलाया।



## खबर संक्षेप

### तीसरे दिन सूने मकान में जेवर, नकद चोरी

**बिलासपुर।** लगातार तीसरे दिन चोरों ने सक्रियता दिखाते हुए ट्रेवल्र्स एजेंसी संचालक के सूने मकान में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम पार कर दिया । तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, महमंद लालखदान ब्रिज के नीचे रहने वाली ट्रेवल्र्स एजेंसी के संचालक आशीष सिंह ठाकुर पिता अजय सिंह ठाकुर 22 नवंबर को ससुर की देहांत होने के कारण मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार सहित अमलाई चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाकर ताला तोड़कर अंदर घुस गए और पुराना मकान खंगाल डाला। आलमारी से सोने चांदी के जेवर व 50 हजार रुपए नकद चोरी कर आसानी से भाग गए। 24 नवंबर श्री ठाकुर अकेले घर लौटे तब चोरी की जानकारी हुई। चोरी गई जेवर की आंकलन उनकी पत्नी के लौटने के बाद हो पाएगी। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चोरीः 3 नाबालिग समेत पांच आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सरकंडा पुलिस ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए तीन नाबालिग समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो युवक शामिल हैं, जिन्हें न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है, जबकि नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सीएसपी निमितेष सिंह ने बताया कि सीएमएचओ ऑफिस कैंपस में रहने वाले अमरु साहू सिम्स में रेडियोग्राफर हैं। 19 अक्टूबर को वे गांव गए थे। 21 अक्टूबर को लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा है और सोने-चांदी के जेवर समेत अन्य कीमती सामान चोरी हो चुका है। इसी तरह कन्हैया लाल चौबे ने अपने निर्माणाधीन मकान से मशीनरी चोरी होने की शिकायत की थी। वहीं मोहम्मद खालिद ने एसी के कापर पाइप और ट्रांसफार्मर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इन मामलों की जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि निर्माणाधीन मकान के पास रहने वाला सुमित सिंह ठाकुर वाइब्रेटर मशीन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। संदेह होने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। थाने में कड़ी पूछताछ के दौरान सुमित ने खुलासा किया कि उसने अपने साथी नरेंद्र ठाकुर और तीन नाबालिगों के साथ मिलकर कन्हैया लाल चौबे के निर्माणाधीन मकान में चोरी की थी। बाद में उन्होंने अमरु साहू के घर में भी चोरी को अंजाम दिया था।

संपत्ति मालिकों से वसूली गई राशि, निगम के खाते में जमा ही नहीं

कई कर्मचारी ऐसे भी, सुबह वसूली, शाम तक निगम के खाते में जमा

# नगर निगम में गिरोह सक्रिय, 341 संपत्ति मालिकों से टैक्स वसूला, पैसे खुद रख लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में इन दिनों एक ऐसा गिरोह सक्रिय है, जो संपत्ति कर की वसूली के लिए दूसरों के नाम पर जारी रसीद बुक के जरिए जनता से टैक्स वसूल रहा है और राशि नगर निगम के खाते में जमा करने के बजाए खुद के खातों में जमा कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025 के बीच तिफरा जोन क्रमांक 2 में वार्ड के 341 संपत्ति मालिकों से टैक्स की वसूली की गई है, लेकिन पैसे सरकारी खजाने में अब तक जमा नहीं किए गए हैं।

अगर आपका शहर में स्वयं का मकान है और आप निर्धारित समय पर नियमित रूप से नगर निगम को प्रापर्टी टैक्स का भुगतान कर जागरूक और ईमानदार नागरिक होने का परिचय दे रहे हैं, तो यह जरूरी नहीं कि आपसे टैक्स वसूलकर ले जा रहे नगर निगम के कर्मचारी भी ऐसा परिचय दे रहे होंगे। नगर निगम में अभी कुछ इसी तरह का प्रकरण सामने आया है।

तिफरा जोन क्रमांक-2 में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक रामनारायण देवांगन के द्वारा वार्ड के 341 संपत्ति मालिकों से 15 लाख 62 हजार 664 रूपए टैक्स की वसूली की गई है, लेकिन वसूली गई राशि दो साल में भी नगर निगम के खाते में जमा नहीं हो सकी है।

मामले का खुलासा संपरीक्षा विभाग की ऑडिट में हुआ है। संपरीक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आपत्ति करने के बाद नगर निगम कमिश्नर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम बनाकर पंद्रह दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।




### राजस्व अधिकारी ने उच्चाधिकारियों को क्यों नहीं दी सूचना?

सहायक राजस्व अधिकारी को संपत्ति कर की वसूली के लिए जारी की गई रसीद बुक का हिसाब कभी न कभी तो राजस्व अधिकारी के द्वारा मांगा ही जाता होगा। क्या इस मामले में राजस्व अधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ से वसूली गई राशि एवं बैंक जमा का हिसाब नहीं लिया गया था? यदि नहीं लिया गया तो यह कार्य में सीधे उदासीनता है, और यदि लिया गया तो गबन की शिकायत निगम के उच्चाधिकारियों से क्यों नहीं की गई?

### रसीद किसी और के नाम जारी वसूली किसी और ने की

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार यह पूरा मामला दूसरे के कंधे मे बंदूक रखकर चलाने जैसा है। बताया जा रहा है कि रसीद बुक तो संबंधित क्षेत्र के कर्मचारी के नाम पर जारी हुआ है, लेकिन टैक्स की वसूली अन्य व्यक्तियों के द्वारा की गई है। यही कारण है कि वसूली के बाद राशि शासन के खाते में जमा करने के बजाय बेखौफ होकर स्वयं के उपयोग के लिए रख ली गई, ताकि मामला पकड़ में आने पर पूरा ठीकरा उस व्यक्ति पर मढ़ा जा सके, जिसके नाम पर रसीद बुक जारी की गई है।

### कर्मचारियों की वसूली गई राशि रोज बैंक में जमा

नगर निगम के 70 वार्डों में 70 सहायक राजस्व निरीक्षक पदस्थ हैं, जो प्रतिदिन संपत्तिकर की वसूली के लिए अपने वार्डों में निकलते हैं। वसूल की गई राशि के साथ वे दोपहर तक नगर निगम के दफ्तर पहुंचते हैं, जहां वे अपना हिसाब प्रस्तुत करते हुए वसूल की गई राशि को बैंक में प्रतिदिन राशि जमा करने के लिए नियुक्त किए गए कर्मचारी के सुपुर्द करते हैं। एक सहायक राजस्व निरीक्षक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कई बार शुक्रवार को वसूली के बाद निगम पहुंचने में देर हो जाती है, जिससे वसूली का पैसा शनिवार व रविवार को अपने पास ही रखना पड़ता है, जिससे सरकारी पैसे अपने पास रखने वाली फिलिंग आती है। जब निगम में प्रतिदिन वसूली की राशि बैंक में जमा करने की व्यवस्था बनाई गई है तो दो-दो साल तक राशि अपने पास रखना सीधे-सीधे गबन की ओर इशारा कर रहा है।

### मामले की जांच कर रही है टीम

जांच टीम इस मामले की जांच कर रही है। पंद्रह दिनों के भीतर सारा प्रकरण स्पष्ट हो जाएगा। दोषी पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।

-**अमित कुमार**, कमिश्नर नगर निगम

सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद अब युवक को ढूंढ रही पुलिस

# नए रिवरव्यू में कार की छत व बोनट पर बैठकर युवक ने किया स्टंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हमारा दबदबा है इलाके में... कहते हुए नए रिवरव्यू में एक युवक ने कार की छत व सामने बोनट पर बैठकर रील बनाया, सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद अब पुलिस युवक को ढूंढ रही है।

गुरूवार को सोशल मीडिया में नए रिवरव्यू में एक युवक का बिना नम्बर की कार की छत व बोनट पर बैठकर रील बनाने का वीडियो जोरों से वायरल हो रहा है। वीडियो में डायलाग अपलोड किया गया है कि हमारा दबदबा है हमारे इलाका में, हम पर कोई हाथ नहीं डाल सकता। इस वीडियो की शहर में जोरो से चर्चा है। वीडियो वायरल होने के बाद अब पुलिस इस युवक को ढूंढ रही है, फिलहाल यह पकड़ में नहीं आया है। उल्लेखनीय है कि युवाओं में रील बनाने का जूनून बढ़ता जा रहा है, रील बनाने की धुन में ये युवा अपनी जान से भी खिलवाड़ करते नजर आ रहे हैं। पूर्व में इमलीपारा में एक युवक का अश्लील वीडियो वायरल हुआ था। इसके अलावा रतनपुर में रोड नेशनल हाइवे पर सड़क को रोककर रील बनाते व मस्तूरी रोड पर गाड़ियों के काफिला में दरवाजे से बाहर निकलकर रील बनाते व पुराना रिवरव्यू में बाइक से स्टंट करते युवाओं का वीडियो वायरल हुआ था। हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद स्टंट कर रील बनाने वाले युवाओं के खिलाफ कार्रवाई हुई थी। उसके बाद भी युवा जान जोखिम में डालकर रील बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं।


रिवरव्यू में रील बनाता युवक।

### पतासाजी की जा रही है

रिवरव्यू में बिना नम्बर की कार की छत व बोनट पर बैठकर रील बनाते वीडियो मिला है। युवक की पहचान कराई जा रही है। पहचान होने पर युवक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

-एसआर साहू
सिविल लाइन टीआई

# मोबाइल टावर पर चढ़कर शराबी ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बुधवारी बाजार में लगे एक मोबाइल टावर पर एक शराबी चढ़कर हंगामा मचाने लगा। सूचना पर तोरवा पुलिस और आरपीएफ के स्टाफ मौके पर पहुंच गए। करीब एक घंटे के बाद शराबी स्वयं नीचे उतर गया, जिसके बाद तोरवा पुलिस ने उसे थाने लाने के बाद मुलाहिजा के लिए अस्पताल भेज दिया।

गुरुवार की शाम साढ़े 4 बजे से 5 बजे के बाद बुधवारी बाजार और आरपीएफ क्वार्टर के बीच लोगों का जमावड़ा शुरु हो गया। भीड़ को देखते ही वहां अन्य लोग भी बढ़ने लगे। इस दौरान लोगों ने देखा कि एक व्यक्ति बुधवारी बाजार और रेलवे क्वार्टर के बीच लगे मोबाइल टावर के सबसे ऊपर में चढ़कर किनारे में खड़ा हो गया है। उक्त व्यक्ति को ऊपर देखकर लोगों ने चिल्लाना शुरु कर दिया। कई लोगों को लगा कि वह खुदकुशी करने के लिए टावर पर चढ़ा हुआ है। वह व्यक्ति ऊपर से नीचे उतरने का नाम नहीं ले रहा था। सूचना मिलते ही आरपीएफ के प्रभारी नंद बहादुर, तोरवा थाना प्रभारी अभय बैस सहित अन्य स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे तक उस व्यक्ति को नीचे उतारने की कोशिश भी की गई, लेकिन वह किसी की बात नहीं सुन रहा था। डेढ़ घंटे के बाद वह व्यक्ति अपने आप नीचे उतर गया। पुलिस और आरपीएफ ने उक्त व्यक्ति से टावर के ऊपर चढ़ने का कारण पूछा। बुधवारी बाजार निवासी मुकेश चंद्रवंशी पिता मल्ला चंद्रवंशी 40 साल शराब के नशे में था, जो बिना किसी कारण के ऊपर चढ़ने के बाद अपने आप ही नीचे उतर गया था। तोरवा पुलिस ने पूछताछ करने के बाद मुकेश चंद्रवंशी को मुलायजा के लिए अस्पताल भेज दिया है, जिसके उपरांत शुक्रवार को आगे की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है।



### फिजियोथेरेपिस्ट भर्ती हेतु दस्तावेज की जांच आज

**बिलासपुर।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा बिलासपुर के अंतर्गत संचालित समावेशी शिक्षा के तहत फिजियोथेरेपिस्ट के पद विज्ञापित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का विस्तृत विवरण एनआईसी के वेबसाईट पद में प्रकाशित किया गया। विज्ञापन के अनुक्रम में 16 आवेदन प्राप्त हुए है। सभी आवेदको के प्रमाण पत्रों का परीक्षण 28 नवम्बर को जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, बिलासपुर जिला पंचायत द्वितीय तल में दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। आवेदकों अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित समय में उपस्थित होना होगा।

# बीच बचाव करने गए दो भाइयों पर चाकू से जानलेवा हमला


पुलिस हिरासत में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब पीने के दौरान विवाद होने पर बीच बचाव करने गए दो भाइयों पर पिता व तीन पुत्रों ने मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है।

■ शराब पीने के दौरान विवाद

पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, सुकुलकारी निवासी राजेश्वकर कुर्रे पिता कुशल कुर्रे ने रिपोर्ट लिखाई। 26 नवंबर की रात 8 बजे वह गांव के कमल कुमार महिलांगे के घर शराब पीने गया था। शराब खत्म होने से और मांगने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। इससे कमल कुमार महिलांगे व उसके बेटे राकेश कुमार, दुर्गेश कुमार, जयश कुमार उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। वह भागने लगा तो चारों दौड़ाकर पीछा करते हुए रहस चौक में घेरकर मारपीट करते लगे। चौक में बैठे दो भाई राजेन्द्र महिलांगे, फूलचंद महिलांगे मारपीट करते देख बीच बचाव करने गए तो पिता व तीन पुत्रों ने उनके साथ हाथ मुक्का लाठी से मारपीट करते हुए दोनों भाइयों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से गांव में सनसनी फैल गई। दोनों भाइयों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने रात में पतासाजी कर पिता व तीनों पुत्रों को पकड़ लिया है। पुलिस ने राजेश्वकर कुर्रे की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 109, 296, 115, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है।

### हड़ताली कर्मचारियों पर आर्थिक मार, 2 माह से वेतन लंबित

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नौकरी कर रहे कर्मचारियों के सामने आर्थिक परेशानी सामने आने लगी है। हड़ताल में होने के कारण पिछले 2 माह से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा है। ऐसे में कर्मचारियों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ रहा है और अब कर्मचारियों में आक्रोश भड़कने लगा है। प्रदेश में 16 हजार से अधिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़ चुके हैं। कर्मचारियों के सामने परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, किराया/बैंक किस्त भुगतान जैसे जरूरत के लिए आर्थिक सुदृढ़ता नहीं है। बर्खास्त कर्मचारियों की निःशर्त बहाली का आश्वासन दिया गया है, इसके बावजूद कर्मचारियों को बहाल नहीं किया गया है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने कहा कि आंदोलन सरकार से सकारात्मक चर्चा एवं विश्वास पर समाप्त किया गया था, किंतु आश्वासन पूरा न होने से कर्मचारियों के हितों के विपरीत अधिकारियों का रवैया है।















**खबर संक्षेप**

## मां लक्ष्मी की पूजा कर लोगों ने की सुख-समृद्धि की कामना



**तखतपुर।** अगहन मास के चौथे गुरुवार को घरों में मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। लोगों ने सुबह 4 बजे ही दीपक जलाकर धन, सौभाग्य तथा समृद्धि की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी से परिवार के कल्याण की कामना की। महिलाओं ने पारंपरिक रीति के अनुसार व्रत रखकर धूप-दीप, पुष्प, अक्षत, रोली, चंदन और नैवेद्य के साथ लक्ष्मी जी का पूजन किया। इसके पूर्व बुधवार को शाम में घरों में अल्पना और रंगोली बनाकर रात्रि में मां लक्ष्मी की स्थापना की गई और उनकी विधिवत पूजा की गई। गुरुवार को सुबह 4 बजे से देर रात तक चार प्रहर में मां लक्ष्मी की पूजा होती रही एवं उन्हें अलग-अलग तरह के पकवान और भोग अर्पित किए गए। लोगों ने गुरुवार व्रत की कथा और लक्ष्मी पुराण का श्रवण किया। श्रद्धा और भक्ति से किए गए इस अनुष्ठान से घर-परिवार में सुख-शांति, धन-धान्य और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। इस व्रत से भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है।

## सिलतरा में रासेयो का एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर




**पथरिया।** अवंती बाई लोधी शासकीय महाविद्यालय पथरिया रासेयो इकाई की ओर से ग्राम सिलतरा में आयोजित विशेष शिविर के दौरान एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शासकीय चिकित्सालय के सहयोग से किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि डॉ ऋषभ पाण्डेय ने स्वास्थ्य, संतुलित आहार और नियमित योगाभ्यास के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों और स्वयंसेवकों को दैनिक जीवन में योग और स्वस्थ आदतों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में अन्य वक्ता डॉ संतोष बघेल, सुशीला ध्रुव, हरिराम टंडन तथा नेत्र विशेषज्ञ डॉ साहू ने विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर उपयोगी जानकारियां प्रदान की। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों तथा स्वयंसेवकों सहित 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। रक्तचाप, मधुमेह परीक्षण, नेत्र परीक्षण एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम का संयोजन व समन्वय रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ पंकज कुमार वासुदेव ने किया।

## गुरु घासीदास कॉलेज के रासेयो शिविर का शुभारंभ



**मल्हार।** संत गुरु घासीदास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पचपेड़ी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत मनवा जैतपुरी में आयोजित सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर कार्यक्रम अधिकारी सुनीता कुर्रे के नेतृत्व में आयोजित है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि सदस्य रासेयो एयू रेखा गुल्ला तथा विशिष्ट अतिथि एमएम गुल्ला, सावित्री बंजारे, धनेश रजक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को प्री-आरडीसी एवं नेत्रदान के महत्व पर जानकारी प्रदान की। विशिष्ट ने सड़क सुरक्षा एवं देहदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। पूर्व सलाहकार धनेश रजक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, सात दिवसीय विशेष शिविर की महत्ता एवं युवाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति के अनुरूप ठुमकी पहनाकर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी सुनीता कुर्रे ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर के अंतर्गत संविधान दिवस पर स्वयंसेवकों को संविधान की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में 50 स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई तथा उनका परियोजना कार्य अत्यंत सराहनीय रहा।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस



**बिल्हा।** संविधान दिवस के अवसर पर सतनामी समाज द्वारा एसडीएम कार्यालय परिसर में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेहा कौशिक नायब तहसीलदार बिल्हा, गयाराम टंडन, डॉ गोविंद प्रसाद यादव जिपं सभापति, नारायण प्रसाद सांडे, अशोक पाटले, भानु दिवाकर, उत्तम शांडिल, डॉ सत्यवंत जेन्ड्रे, राजेश पात्रे, राकेश पाटले, भोंदू राम अंचल, मनाराम नवरत्न जी, उमेद लहरे, सुनील पात्रे, राजकुमार पाटले, सुनील गेंदले, रीना बंजारे, चांदनी चतुर्वेदी, अंजली भार्गव, रवीना पात्रे, संध्या मरावी, सत्या मनहर, सौम्या मारखंडे सहित अन्य छात्र-छात्राएं तथा क्षेत्रीय किसान बंधु उपस्थित रहे।

### कलेक्टर व एसपी ने किया विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

# शासन की प्राथमिकता में है धान खरीदी का काम, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी



धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा/मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने मुंगेली विकासखंड के छटन, मदनपुर एवं सिंगारपुर धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया।

■ ग्रामीण कृषि अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश

उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में अब तक कुल धान खरीदी, बारदाने की उपलब्धता, किसानों का पंजीयन, रकबा समर्पण व उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली और खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही समिति प्रबंधक को सुव्यवस्थित धान खरीदी करने और किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने कहा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से संवाद कर खरीदी प्रक्रिया, धान की गुणवत्ता तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भुगतान संबंधी कोई समस्या नहीं होगी किसानों को चेक काट कर पैसे का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने समिति प्रबंधकों को निर्देश दिए कि धान की उचित स्टेकिंग, नमी मापक यंत्र से नियमित जांच, तथा गुणवत्ता नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि खरीदी केवल सही और पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी तथा कोचियों और बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने केंद्रों में किसानों के लिए छाया, पेयजल, बैठने की व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही छटन खरीदी केंद्र में पेयजल के लिए हैंडपंप लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने धान खरीदी धान खरीदी के संबंध में उचित जानकारी नहीं देने पर मदनपुर नोडल अधिकारी मंडी उपनिरीक्षक आशादीप तंवर तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद चतुर्वेदानी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, किसी भी स्थिति में अवैध धान की खरीदी नहीं होनी चाहिए। साथ ही किसानों द्वारा बैंक के कर्मचारी शिवहरे की शिकायत मिलने पर संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मदनपुर धान खरीदी केंद्र में किसान पंजीयन, बड़े व लघु किसानों की संख्या तथा धान की आवक से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने छोटे किसानों को प्राथमिकता के आधार पर टोकन जारी करने तथा रकबा समर्पण की प्रक्रिया सरल बनाने के निर्देश दिए। किसानों की बताई गई पेमेंट समस्या का समाधान करने का आश्वासन भी दिया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि छोटे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा केंद्र में निगरानी के लिए एक ऑपरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने भी किसानों से चर्चा कर प्रति एकड़ आमदनी, धान की गुणवत्ता तथा नमी की जांच की प्रक्रिया देखी और खरीदी केंद्र की समग्र व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने ग्रामीण जनों को साइबर व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सायबर संबंधित सभी शिकायतों के लिए 1930 नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने को कहा। उन्होंने आम जनों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने भी वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करने एवं कार में सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नशे से दूर रहने एवं शराब पीकर गाड़ी न चलाने की भी सलाह दी। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## फलों से तौले गए अरुण साव











**लोरमी।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव के जन्मदिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा के नेतृत्व में पार्षद पूणिमा घनश्याम यादव ने श्री साव को फलों से तौल कर उनका अभिनंदन किया। सरपंच संघ के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय के नेतृत्व में केक काट कर महामाला से उनका स्वागत किया गया। ठेकेदार संघ ने नरेंद्र खत्री, यतिंद्र खत्री एवं जितेंद्र खत्री ने पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया।

## बढ़ी तारीख, समितियों में 30 तक होगा पंजीयन

क्षेत्र में 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हो गई है, लेकिन किसान अभी भी पंजीयन के लिए तहसील कार्यालय व समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। पंजीयन की अंतिम तारीख 25 नवंबर होने के बाद भी किसानों का पंजीयन पूर्ण नहीं हो पाया। इसे देखते हुए शासन ने एक बार फिर पंजीयन की तारीख बढ़ा दी है। अब किसान 30 नवंबर तक पंजीयन समितियों में करा सकते हैं। अभी तक तहसील कार्यालय के माध्यम से पंजीयन हो रहा था, जहां लगातार किसानों की लंबी कतारें लग रही थीं। इससे कुछ का काम हो रहा था, तो कुछ को रिकॉर्ड सुधार के लिए पटवारियों का रास्ता दिखाया जा रहा था। उक्त पंजीयन के कार्य से राजस्व संबंधित कार्य भी लगातार बाधित हो रहे थे, जिसे देखते हुए शासन ने पंजीयन का कार्य तहसील के बजाए समितियों को सौंप दिया है।

## अवैध भंडारण पर बड़ी कार्रवाई, 155 बोरी धान जब्त



**पथरिया।** शासन के निर्देशानुसार जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अवैध धान के क्रय-विक्रय और भंडारण पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर राजस्व, खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने जिले भर में थोक और चिल्हर व्यापारियों के प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड पथरिया के ग्राम सिलदहा के व्यापारी दिलीप वर्मा से 155 बोरी में रखी 62.0 क्विंटल अवैध धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि, धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया की निगरानी हेतु इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है, इससे खरीदी, भंडारण और परिवहन की रियल टाइम मानिटरिंग सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही धान खरीदी संबंधित समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। किसान 7755299003 में सम्पर्क कर धान खरीदी संबंधी अपनी समस्या दर्ज कर सकते हैं। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सहकारी समिति के कर्मचारियों ने किया साव का स्वागत



**जरहागांव।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के जन्म दिवस को खास बनाने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों के लिए एक मंच बनाया, जहां आम आदमी के साथ जरहागांव सेवा सहकारी समिति के सदस्यों के द्वारा खरीदी केंद्रों के संबंध में धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ जन्मदिवस बधाई दी गई। इस मौके पर बरेला से अध्यक्ष हीरा लाल पटेल, प्रबंधक घनश्याम देवांगन, जरहागांव से अध्यक्ष विजय दीवान, प्रबंधक माखन जायसवाल, दशरंगपुर से अध्यक्ष अश्वनी मोहले, प्रबंधक राहुल जायसवाल, पदमपुर से अध्यक्ष रामस्नेही कश्यप, प्रबंधक टेकलाल कश्यप, भठलीकला से अध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रबंधक हरदयाल चंद्राकर, धनगांव गोसाई से शिवकुमार साहू, प्रबंधक गोकुल कश्यप, मसनी से अध्यक्ष हीरा लाल साहू, प्रबंधक परमेश्वर कश्यप, तेलियापुरान अध्यक्ष रामनिहोरा कश्यप, प्रबंधक मनोज कश्यप आदि ने डिप्टी सीएम अरुण साव का पुषगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर खरीदी केंद्रों को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने कहा कि, इस वर्ष भाजपा के सरकार होने एवं अरुण साव के मंत्री बनने के बाद मुंगेली जिले में खरीदी व्यवस्था एवं किसानों को मिल रही सुविधाएं अत्यंत सराहनीय हैं।

परियोजना अधिकारी के खिलाफ शिकायत कार्रवाई की मांग

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती में अनियमितता का आरोप




**मुंगेली।** महिला एवं बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की भर्ती प्रक्रिया को लेकर परियोजना अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कूटरचना कर नियुक्ति आदेश जारी करने वाले दोषी अधिकारी पर जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की भर्ती प्रक्रिया के लिए परियोजना क्रमांक 2 मुंगेली की परियोजना अधिकारी उमा कश्यप के द्वारा ग्राम पंचायत पौनी, ग्राम पंचायत बोदा, ग्राम पंचायत दुल्लापुर सहित कुल 3 स्थानों के लिए मेरिट सूची तैयार कर जनपद पंचायत मुंगेली के स्थाई महिला एवं बाल विकास समिति को अनुमोदन हेतु 22 सितम्बर को बैठक बुलाई गई। बैठक में स्थाई समिति के सदस्यों ने ग्राम पंचायत पौनी के आवेदन पर आपत्ति के संबंध में जानकारी चाही। इस पर परियोजना अधिकारी ने कहा गया कि अभी ऑफिस में कर्मचारी नहीं है, इस वजह से आपत्ति के संबंध में दस्तावेज नहीं दिखा सकती। आप लोगों को अनुमोदन करना है तो ठीक, नहीं करना है तो भी ठीक। जब ऑफिस में कर्मचारी रहेंगे तब आपको दस्तावेज दिखा देंगे, तब तक के लिए बैठक को स्थगित कर देते हैं। 30 सितम्बर को उमा कश्यप की सेवा निवृत्ति के पश्चात जानकारी मिलती है कि, उक्त तीनों पंचायतों के भर्ती आवेदनों में सिर्फ ग्राम पंचायत पौनी में नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया है। जब जानकारी लेने प्रभारी परियोजना अधिकारी गेंदले के पास गए तब उन्होंने कार्यवाही रजिस्टर दिखाया, जिसमें से पन्ने फाड़ा गया था और पुराने तारीख में बैठक कार्यवाही लिखी गई थी। साथ ही सदस्यों को बैठक में अनुपस्थित बताया गया, जबकि उक्त बैठक की सूचना सदस्यों को दी ही नहीं गई है। शिकायत के पश्चात जांच कराने के बजाए परियोजना अधिकारी क्रमांक 2 के द्वारा उक्त तीनों पंचायतों में से शेष 2 पंचायत बोदा एवं दुल्लापुर की भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर नया आवेदन मंगाने हेतु मूल्यांकन समिति की बैठक बुलाकर प्रस्ताव पारित कर लिया गया।

### की जा रही है जांच

परियोजना क्रमांक 2 में कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती के संबंध में शिकायत मिली है। इस संबंध में समिति की ओर से जांच की जा रही है।

–**संजुला शर्मा**, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास

## 26 बीएलओ एवं अधिकारियों को किया गया सम्मानित

**मुंगेली।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन कार्य में मुंगेली जिला ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अभियान अंतर्गत चल रहे गणना प्रपत्र के डिजिटाइजेशन कार्य मुंगेली जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है।

■ शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर किया गया सम्मान

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार द्वारा डिजिटाइजेशन में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले 26 बीएलओ एवं अभिहित अधिकारियों को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में प्रशस्ति पत्र, शाल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ से उनकी कार्य योजना, रणनीति एवं क्षेत्रीय अनुभव के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि, मतदाता सूची की शुद्धता लोकतांत्रिक प्रक्रिया की रीढ़ है, और डिजिटाइजेशन के माध्यम से मतदाता सूची की विश्वसनीयता को और अधिक मजबूत किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित बीएलओ एवं अभिहित अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए। राजपुर की बीएलओ लक्ष्मी चौबे ने बताया कि, टीम वर्क और निरंतर प्रयासों से डिजिटलाइजेशन का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सका। रोजगार सहायक एवं पंचायत सचिव का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



बीएलओ को सम्मानित करते कलेक्टर।

### पहल अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ

# जिस कार्य में रुचि हो, उस ओर दिशा निर्धारित करें: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

एसपी भोजराम पटेल के नेतृत्व में नशे के दुष्परिणाम, साइबर अपराधों एवं यातायात के नियमों के अनुपालन संबंधी जन जागरुकता हेतु जिले में 'पहल बदलाव' अभियान की शुरुआत जून माह से की गई। इस दौरान स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं तथा ग्रामीण स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न मंचों के माध्यम से उपरोक्त तीनों विषयों पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास पहल एवं थानों की टीम की ओर से किया गया।

पहल के प्रथम चरण में 48 हजार स्कूली छात्र छात्रओं एव 20 हजार के अधिक मुंगेली जिले के नागरिकों को जागरूक किया गया। अन्य ज्वलंत एवं जनोपयोगी विषयों को लेकर एक बार फिर पहल कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ 26 नवम्बर को एसएनजी महाविद्यालय में एसपी भोजराम पटेल ने किया। इस मौके युवाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न क्षेत्रें में जिसमें युवा सशक्तिकरण, कौशल विकास, आगामी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही कार्यशाला, साइबर सिक्योरिटी, यातायात नियम के संबंध में जानकारी दी गई। महाविद्यालय के युवाओं को प्रेरित करते हुए एसपी ने बताया कि, कौरव अपने गुरु द्रोण को सिर्फ दक्षिणा लेकर शिक्षा देने वाले गुरु मानते थे, वहीं पांडव अपने गुरु को सिर्फ शिक्षा देने वाला गुरु ही मानते थे। लेकिन अर्जुन ने अपने गुरु में ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों को देखा। महाभारत में अर्जुन के सारथी स्वयं भगवान कृष्ण बने। युवा पीढ़ी अपने जीवन में कैसे अपने गुरु का मार्गदर्शन लेना चाहते हैं, ये फैसला उनको करना है। उन्होंने कहा कि, जिस कार्य में रुचि हो, उस ओर अपनी दिशा-निर्धारित करें। पहल टीम की सदस्य शैलजा स्वामी ने तीनों विषयों का महत्व बताते हुए सावधानी पूर्वक उपायोग करने का सुझाव दिया। जया गुप्ता ने सामाजिक कार्य में हिस्सा लेने के लिए सुझाव दिया गया। पुलिस विभाग से बबीता श्रीवास ने साइबर ठगी होने से बचने के उपाय बताए एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी। महाविद्यालय के छात्रों को सामाजिक कार्य करने के एवं उसमे हिस्सा लेने के लिए सबसे पहले अपने आस-पास और अपने घर से शुरुआत करने की जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसएनजी महाविद्यालय के प्राचार्य रजत दवे, साइंस महाविद्यालय के प्राचार्य एवं मंच के संचालनकर्ता ब्रजेश उपाध्याय एवं एसएनजी महाविद्यालय के समस्त शिक्षक का योगदान रहा।




पहल कार्यक्रम में जानकारी देते पुलिस अफसर।

## बालक छात्रवास, जिला जेल में विधिक जागरूकता शिविर




**मुंगेली।** राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी के निर्देशन में शासकीय प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रवास फास्टरपुर तथा जिला जेल मुंगेली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की सचिव कंचन लता आचला ने उपस्थित बंदियों को पॉक्सो एक्ट, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, मोटरयान अधिनियम सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही, भारत के संविधान के महत्वपूर्ण उपबंधों की भी चर्चा की गई। छात्रावास में उपस्थित बच्चों को संविधान दिवस मनाने के उद्देश्य से अवगत कराते हुए उन्हें गुड टच, बैड टच, पॉक्सो एक्ट, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2005, मोबाइल के माध्यम से होने वाले अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। बच्चों को पढ़ाई-लिखाई, खेल-कूद एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया गया।